RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 47 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,सोमवार, 17 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

राष्ट्रीय गीत के 150 साल पर इससे बेहतर अवसर नहीं


## पहली बार लाल किले पर वंदे मातरम पीएम मोदी बोले- यह ऐतिहासिक पल

### 80वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश के आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी भविष्य का रोडमैप सबके सामने रखा

● नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित होने वाले समारोह में पहली बार वंदे मातरम गाया गया। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की विरासत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य समारोह में लाल किले की प्राचीर पर की गई पुष्प सज्जा के केंद्र में राष्ट्रीय ध्वज और उसके दोनों ओर हिंदी में वंदे मातरम लिखा हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभक्ति के जोश और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लाल किले से 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया।

समारोह में मौजूद अतिथियों के साथ सेना के बैंड ने वंदे मातरम की धुन बजाई और सभी ने राष्ट्रीय गीत गाया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लाल किले पर पहली बार वंदे मातरम गूंज रहा है और जब देश वंदे मातरम के 150 वर्ष मनाया जा रहा है, तब इससे बेहतर अवसर कुछ नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश को संबोधित करते हुए कहा, आज जो इस समारोह में उपस्थित हैं, उन सभी के लिए आज एक ऐतिहासिक पल भी है।




### पीएम बोले- 1 साल में 1 करोड़ युवाओं को एआई की ट्रेनिंग दी जाएगी

पीएम मोदी ने कहा, एक समय था जब मैं आत्मनिर्भरता की बात कर रहा था तो कुछ एयर कंडीशन चेंबर में बैठकर सोचने वाले लोग हमें बता रहे थे कि ग्लोबलाइजेशन का क्या होगा, लेकिन पूरी दुनिया देख रही है कि पिछले 1 दशक में ऐसा लग रहा है कि लोगों ने ग्लोबलाइजेशन बोलना ही बंद कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, एक साल में 1 करोड़ युवाओं को एआई स्किल्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही छात्रों के लिए ऑनलाइन फ्री कोचिंग व्यवस्था की शुरुआत भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बीते सालों में हमारा दृढ़ विश्वास रहा है कि भारत को अब दूसरे देशों पर निर्भर रहकर नहीं जीना है। हमें आत्मनिर्भर बनना चाहिए। दुनिया में बहुत कुछ मिलता है, सस्ता मिलता है, जल्दी मिलता है लेकिन उससे हमारा सामर्थ्य तैयार नहीं होता। इसलिए हमें भी अपनी क्षमताओं को बढ़ाना है। अपने हितों की सुरक्षा हमें खुद करनी है इसलिए आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं।

### मोर को दाना खिलाया गाय को चारा दिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी दिनचर्या एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वह गायों को चारा और मोर को दाना खिलाने खिलाते हुए नजर आ रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, हर सुबह अपने दोस्तों को खाना खिलाना मेरी रोज की दिनचर्या है। पीएम मोदी ने आगे बताया, कल सुबह उन्हें किसी तरह पता चल गया कि मैं जल्दी निकल रहा हूं। इसलिए वे मुझसे मिलने आ गए, जब मैं लाल किले के लिए निकल रहा था।

## 1 लाख युवाओं को ITI की ट्रेनिंग, 6 माह में होगी 1 हजार डॉक्टरों की भर्ती

### मुख्यमंत्री ने देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण, प्रदेशवासियों के नाम दिया संदेश, कहा- युवा कल्याण को समर्पित होगा वर्ष 2027

**एक देश-एक विधान-एक निशान के विचार को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से लागू की जा रही समान नागरिक संहिता**

● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर रविवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इससे पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्र गान जन-गण-मन की धुन बजाई गई। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और परेड सलामी ली। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं और प्रदेशवासियों के नाम संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की भूमि समानता, समरसता और समभाव की भूमि है। संविधान की इसी मूल भावना के अनुरूप, ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मप्र में समान नागरिक संहिता कानून लागू कर रहे हैं। हम एक देश-एक विधान-एक प्रधान-एक निशान के विचार को धरातल पर उतारकर सबके लिए एक जैसा कानून लागू कर रहे हैं। समान नागरिक संहिता एक भेदभावपूर्ण व्यवहार को समाप्त कर समरसता का संचार करेगी। यूसीसी महिलाओं को अत्याचार और अन्याय से मुक्ति दिलाएगी।



### वर्ष 2027 में फिर भोपाल में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए वर्ष 2027 में भोपाल में फिर ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट आयोजित की जाएगी। राज्य में पिछले ढाई वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में 34 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए और इनमें से 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव धरातल पर उतार चुके हैं।

### 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ने वालों को सशक्त बनाया जाएगा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार अगले ढाई वर्ष में, उन युवाओं पर विशेष रूप से फोकस करने जा रही है, जो किसी कारण से 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए अथवा जिन्होंने 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी है। हम ऐसे युवाओं के हाथ में हुनर देकर इतना सशक्त बनाएंगे कि वे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश और विदेश जाकर भी रोजगार प्राप्त कर सके सरकार ने समाज को दिशा देने वाले डिजीटल कंटेंट क्रिएटर्स को विभिन्न कैटेगरी में सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजाभोज द्वारा स्थापित भोजशाला, सदियों तक ज्ञान-विज्ञान-अनुसंधान और संस्कृत भाषा का सबसे प्रखर केन्द्र रही है। भोजशाला में राज्य सरकार, भव्य सरस्वती लोक बनाएगी और यहां राजा भोज संस्थान की स्थापना की जाएगी। मप्र में 17 धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोकों का निर्माण किया जा रहा है।

### हर जिले को निर्यात हब बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी 55 जिलों को निर्यात हब बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सभी जिलों की निर्यात कार्य योजनाएं तैयार किए जाने की जानकारी दी गई। वोकल फॉर लोकल, लोकल गोज ग्लोबलद्य के तहत प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। सरकार का विजन है कि हम प्रत्येक जिले में एक एमएसएमई पार्क की स्थापना करेंगे। प्रदेश के 10 एमएसएमई क्लस्टर भी विकसित किए जाएंगे। भोपाल में इंजीनियरिंग सेक्टर के लिए 30 करोड़ रुपए की लागत से नए केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

## बंगाल के पूर्व डिप्टी स्पीकर आशीष ने किया सुसाइड

### टीएमसी ऑफिस में आशीष बनर्जी का शव फांसी के फंदे से लटका मिला

● कोलकाता / आरएनएन



पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह बीरभूम जिले के टीएमसी ऑफिस में उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

आशीष बनर्जी रामपुरहाट के वार्ड नंबर-5 के हत्तलापारा इलाके में रहते थे। उनके घर के पास ही तृणमूल कांग्रेस का पार्टी ऑफिस था। पूर्व टीएमसी विधायक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशीष बनर्जी को ममता बनर्जी का बेहद ही खास माना जाता था।

### ममता बोलीं, उन्हें बदनाम किया गया

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर आशीष बनर्जी के निधन पर शोक जताया। अपने एक्स पोस्ट में ममता बनर्जी ने लिखा कि आशीष बनर्जी के निधन से मैं बेहद दुखी और व्यथित हूं। उन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा पढ़ाने और समाज की सेवा में समर्पित किया। इसके बावजूद उन्हें बार-बार बदनाम किया गया, झूठे आरोप लगाए गए और लगातार दबाव में रखा गया।

## सोनिया ने किया लाखों शहीदों का अपमान

**नई दिल्ली, आरएनएन।** भाजपा विधायक और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के सीधे वंशज सुमित्रो चटर्जी ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर वंदे मातरम के पूरे संस्करण को लेकर हुई कथित घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोनिया गांधी से भारत के नागरिकों, विशेषकर पश्चिम बंगाल के लोगों से बिना शर्त माफी मांगने की अपील की। अपने पत्र में चटर्जी ने लिखा कि जब देश स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ मना रहा था और पूरा देश मातृभूमि की पूजा में लीन था, उस समय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में हुई घटनाएं न केवल दुर्भाग्यपूर्ण थीं, बल्कि एक ऐतिहासिक गलती को बेशर्मी से दोहराना थीं। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र का सीधा वंशज होने के नाते, मैं आज गहरे दर्द में हूं।

**बंकिम चंद्र के वंशज ने की सोनिया गांधी से माफी की मांग**

## वंदे मातरम के अपमान पर घमासान, सोनिया गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

### अमित शाह ने कहा, वंदे मातरम के अपमान पर कांग्रेस और सोनिया गांधी माफी मांगे

● नई दिल्ली / आरएनएन

स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के कथित अपमान को लेकर कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेतृत्व और सोनिया गांधी से माफी की मांग की है।

अमित शाह ने कांग्रेस पर राष्ट्रगीत का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय पर वंदे मातरम गान हो रहा था, तब सोनिया गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष को वंदे मातरम् बीच में रोकने के लिए कहा। उन्होंने कहा, 80 साल बाद बंकिम बाबू का ये अमर गान जब फिर से सम्मान हासिल कर रहा है, तो वो भी सोनिया जी को रास नहीं आया। गृह मंत्री ने कहा, सोनिया जी जनता आपको देख रही है और आपके किए गए इस पाप के लिए जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेसियों में अगर जरा भी शर्म बची है, तो उन्हें बंकिम बाबू की अमर आत्मा से माफी मांगनी चाहिए।



### कांग्रेस सांसद बोले, हमारा धर्म हमें कुछ छंद गाने की अनुमति नहीं देता

**सहारनपुर** से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने इस विवाद पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ये एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहां संविधान सभी को अपने धर्म का पालन करने की आजादी देता है। अपने विश्वास का पालन करना हमारा मौलिक अधिकार है। हालांकि हमारा धर्म हमें कुछ छंद गाने की अनुमति नहीं दे सकता है, लेकिन हम इसका अनादर नहीं करते हैं.। मसूद ने आगे कहा, 1904 से कांग्रेस के हर अधिवेशन में वंदे मातरम गाया जाता रहा है, फिर भी आपकी विचारधारा के लोगों ने इसे गाने से इनकार कर दिया क्योंकि ऐसा करने पर लाठीचार्ज होता था। आपके लोगों ने तिरंगा नहीं फहराया, उन्होंने आजाद हिंद फौज की भर्ती को रोकने के लिए खुले तौर पर हर मुमकिन कोशिश की और उसका विरोध किया।

### क्या है ये पूरा विवाद?

**यह** विवाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम से जुड़ा है। विवाद एक वायरल वीडियो के बाद शुरू हुआ, जिसमें वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण के दौरान सोनिया गांधी को मल्लिकार्जुन खड़गे से बात करते और इशारा करते हुए देखा गया। इसको लेकर देशभर में नाराजगी देखी गई है। बीजेपी ने इसको लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। हालांकि, कांग्रेस ने कहा कि सोनिया गांधी के कामों का वेन्यू पर बजाए गए नेशनल सॉन्ग से कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी ने कहा कि वह बस यह पक्का करने की कोशिश कर रही थीं कि इवेंट में वंदे मातरम ठीक से गाया जाए।

## वंदे मातरम विरोधी मां को नही जानते

**तिरुवनंतपुरम, आरएनएन।** केरल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर मोहनन कन्नुम्मल ने कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे नहीं जानते कि उनकी मां कौन हैं। देश को मदर इंडिया कहा जाता है और इसी सोच से वंदे मातरम का संबंध है। कन्नुम्मल ने यह बयान तिरुवनंतपुरम के मणिविला में आरएसएस के युवा सम्मेलन में दिया। छात्र संगठनों एसएफआई और केएसयू ने कन्नुम्मल पर यूनिवर्सिटी मेंआरएसएस का एजेंडा आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। कन्नुम्मल का यह बयान ऐसे समय आया है, जब केरल में यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलरों की आरएसएस से नजदीकी को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है। केरल के राज्यपाल ने कन्नुम्मल की वाइस चांसलर पद पर नियुक्ति पर लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने सवाल उठाए हैं।

**आरएसएस के कार्यक्रम में बोले केरल विवि के वाइस चांसलर**

## वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्री ने चलाई गोली

वाराणसी, आरएनएन। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर एयर इंडिया की फ्लाइट से मुंबई जा रहे आजमगढ़ के एक यात्री की पिस्टल से अचानक गोली चल गई। पिस्टल से निकली गोली फर्श से टकराने के बाद पास में मौजूद एक लड़के के हाथ और एक महिला की जांघ में जा लगी। इस घटना में स्टाफ के दो लोग घायल हो गए, जिसमें एक महिला भी शामिल है। हादसे के तुरंत बाद घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आजमगढ़ का रहने वाला एक यात्री एअर इंडिया की फ्लाइट पकड़कर मुंबई की यात्रा करने वाला था। सुरक्षा प्रक्रिया के तहत यात्री ने अपने पास मौजूद पिस्टल और मैगजीन की जानकारी पहले ही अधिकारियों को घोषित कर दी थी।

**लहूलुहान हालत में 2 कर्मचारी अस्पताल में भर्ती**

एक्शन | 15 दिन में देना होगा जवाब, नोटिस में एंडोर्समेंट कॉन्ट्रैक्ट्स से लेकर फीस तक का हिसाब मांगा गया

## विमल इलायची एड पर शाहरुख, अजय व टाइगर को नोटिस

● नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ पर विमल इलायची का एड करना भारी पड़ गया है। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने विमल इलायची के विज्ञापन मामले में तीनों एक्टर्स को कारण बताओ नोटिस भेजा है। एफडीए का कहना है कि यह एड राज्य में बैन विमल पान मसाला का सरोगेट विज्ञापन है।

एफडीए ने राज्य में तंबाकू और पान मसाले की बिक्री और प्रमोशन के खिलाफ अपना शिकंजा और कस लिया है। इसी कड़ी में अब ये तीनों बड़े बॉलीवुड स्टार्स भी एफडीए की रडार पर आ गए हैं। एफडीए ने शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को नोटिस भेजकर उनसे विमल इलायची के विज्ञापन पर उनका जवाब मांगा है। जवाब न देने पर तीनों स्टार्स के खिलाफ क्या एक्शन लिए जा सकते हैं? एफडीए ने नोटिस में तीनों स्टार्स से सबूत पेश करने को कहा है कि विमल इलायची वाकई में एक अलग प्रोडक्ट है, जो मार्केट में बिकता है या फिर यह बैन हुए विमल पान मसाला और तंबाकू उत्पादों को प्रमोट करने के लिए बनाया गया महज एक सरोगेट या ब्रांड-एक्सटेंशन एड है। एफडीए ने तीनों स्टार्स से उन सभी टीवी चैनलों, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जानकारी मांगी है, जहां यह एड टेलीकास्ट या पब्लिश हुआ।



### स्टार्स एक्टर्स को दी गई सलाह

**एफडीए** ने एक्टर्स को सख्त हिदायत दी है कि वो अब किसी भी प्लेटफॉर्म (टीवी, डिजिटल या सोशल मीडिया) पर इस एड के टेलीकास्ट, पब्लिश या प्रमोशन में किसी भी तरह की मदद नहीं करें। नोटिस में स्टार्स से यह भी पूछा गया है कि इस कैंपेन से जुड़ने से पहले उन्होंने या उनकी टीमों ने नियमों और दावों की अपने स्तर पर क्या जांच-पड़ताल की थी, उसकी पूरी डिटेल दी जाए। एफडीए के मुताबिक, मार्केट में विमल ब्रांड की पहचान खास तौर पर पान मसाले से ही जुड़ी है। विभाग ने साफ किया कि राज्य में बैन पान मसाले के प्रोडक्शन, स्टोरेज, सप्लाई और बिक्री के खिलाफ लगातार सख्त एक्शन लिया जा रहा है।

### तीनों एक्टर्स को दिया गया ऑप्शन

**तीनों** एक्टर्स के पास खुद या अपने लीगल प्रतिनिधि के जरिए व्यक्तिगत सुनवाई की मांग करने का भी विकल्प है। अगर स्टार्स ने 15 दिन में कोई जवाब नहीं दिया, तो उनपर लाखों का जुर्माना लगाया जा सकता है और लीगल एक्शन भी लिया जा सकता है। एफडीए ने शाहरुख, अजय और टाइगर श्रॉफ से उनके ब्रांड एंडोर्समेंट कॉन्ट्रैक्ट, कैंपेन की डिटेल्स, फीस की जानकारी और नियमों के पालन से जुड़े कागजात भी मांगे हैं। इस मामले में एफडीए ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट 2006 की धारा 24 लागू की है, जो भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाती है। इसके अलावा धारा 53 का भी इस्तेमाल किया गया है, जिसके तहत ऐसे किसी भी भ्रामक विज्ञापन का हिस्सा बनने वाली पार्टी पर 10 लाख रुपये तक की पेनल्टी लगाई जा सकती है।

## सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर विंडफॉल टैक्स घटाया

● नई दिल्ली / आरएनएन

केंद्र सरकार ने 15 अगस्त से पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल यानी एटीएफ के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में बदलाव किया है। पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाला शुल्क पूरी तरह खत्म कर दिया गया है, जबकि डीजल और एटीएफ पर भी टैक्स घटाया गया है।

सरकार का यह फैसला 15 अगस्त से लागू हो गया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या विंडफॉल टैक्स घटने से आम लोगों के लिए पेट्रोल-डीजल भी सस्ता हो जाएगा? विंडफॉल टैक्स में कटौती का सीधा मतलब यह नहीं है कि पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमत तुरंत कम हो जाएगी। क्योंकि यहां बात पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क की हो रही है। इसका सीधा असर पेट्रोल पंप पर मिलने वाले पेट्रोल-डीजल के दाम पर नहीं पड़ता। विंडफॉल टैक्स की दर हमेशा एक जैसी नहीं रहती। सरकार अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को देखते हुए इसकी समीक्षा करती है।

**आम आदमी को कीमत में नहीं मिलेगी कोई राहत**

### भीलवाड़ा में 2 सितंबर से इंटर स्टेट नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप

# 7 राज्यों के खिलाड़ी दिखाएंगे दम, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे उद्घाटन

## शहर में पहली बार 2 से 6 सितंबर तक आयोजित होगी पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप; 220 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी पहुंचेंगे भीलवाड़ा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा, पुनित चपलोत ।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में पहली बार बड़े स्तर पर 'इंटर स्टेट नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप' का आयोजन होने जा रहा है। राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में जिला भीलवाड़ा बैडमिंटन संघ की मेजबानी में 2 से 6 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाली इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में उत्तर भारत के 7 राज्यों के करीब 220 शीर्ष खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे। खिलाड़ियों के साथ टेक्निकल ऑफिसर्स एवं निर्णायकों सहित 250 से अधिक प्रतिनिधि भीलवाड़ा पहुंचेंगे।




**उत्तर भारत के 7 राज्यों की टीमें होंगी आमने-सामने**

प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और मेजबान राजस्थान की टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप में टीम स्पर्धाओं के साथ-साथ व्यक्तिगत मुकाबले भी आयोजित होंगे। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान टीम को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम चैंपियनशिप और व्यक्तिगत वर्गों में सीधे प्रवेश (डायरेक्ट एंट्री) का अवसर मिलेगा।

**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे उद्घाटन**

आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन 2 सितंबर को शाम 6 बजे केंद्रीय मंत्री एवं राजस्थान बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, मांडल विधायक गोपाल खंडेलवाल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, मांडलगढ़ विधायक उदयलाल भडाना और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

**29 अगस्त से शुरू होगा राजस्थान टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर**

राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव के.के. शर्मा ने बताया कि जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। चयनित टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर 29 अगस्त से भीलवाड़ा में आयोजित होगा। पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कोच एवं चयन समिति सदस्य संजीव सचदेवा, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के कोच यादवेन्द्र सिंह और महिला कोच गरिमा शर्मा खिलाड़ियों को गहन प्रशिक्षण देंगे। मैचों में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली एस-30 शटल का उपयोग किया जाएगा।

**तैयारियां जोरों पर, आयोजन समिति ने संभाला मोर्चा**

आयोजन सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि भारतीय बैडमिंटन संघ (BAI) के मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक कोर्ट और मैच रेफरी की व्यवस्था की जा रही है। सफल संचालन हेतु मुकेश खंडेलवाल को आयोजन समिति अध्यक्ष, निशांत मेवाड़ा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश भदादा, रोशन डाम व सुशील वर्मा को उपाध्यक्ष तथा विजय सिंह शक्तावत को स्वागत समिति अध्यक्ष बनाया गया है। आयोजन समिति में जितेश खत्री, भूपेंद्र सिंह पंवार, साहिल सालगिया, अभिषेक शर्मा (भोलू) दायित्व संभाल रहे हैं, वहीं मीडिया समन्वयक की जिम्मेदारी पीयूष कुलश्रेष्ठ और हीरालाल को सौंपी गई है।

---

# राज्यास नहर के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर, चालक की दर्दनाक मौत



**ट्रेलर के केबिन में बुरी तरह फंसा था चालक, ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला; मौके पर ही तोड़ा दम**

स्मार्ट हलचल

**रिपोर्टर /** फुलिया कलां उपखंड क्षेत्र 148-डी भीम-उनियारा सड़क मार्ग पर राज्यास गांव के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। राज्यास नहर के समीप एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया और गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही फुलिया कलां थानाधिकारी दिनेश कुमार मय जाप्ते के साथ मौके के लिए रवाना हुए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। ट्रेलर के पलटने के बाद चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया था। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर चालक को केबिन से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान आत्माराम पुत्र प्रहलाद मीणा, निवासी बोरदा, थाना करवर, जिला बूंदी के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में स्थिति शांत रही। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं, सड़क पर यातायात फिलहाल सुचारू बताया जा रहा है। हादसे की खबर से मृतक के गांव एवं परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

---

# पंचायत चुनाव की 'लॉटरी' टली, अब सितंबर में खुलेगा आरक्षण का पत्ता!

**17 अगस्त को होने वाली प्रक्रिया स्थगित; 17-18 सितंबर को तय होंगे जिला परिषद, पंचायत समिति और प्रधान पदों के आरक्षण—दावेदारों की धड़कनें बढ़ीं...**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** पंचायतीराज आम चुनाव-2026 की तैयारियों के बीच आरक्षण की लॉटरी स्थगित होने से राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। 17 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभागार में होने वाली जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों और प्रधान पदों के आरक्षण की लॉटरी अब 17 एवं 18 सितंबर को होगी। पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 17 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे जिले के सभी विधायकों की मौजूदगी में आरक्षण की लॉटरी निकाली जानी थी। लेकिन निर्वाचन आयोग राजस्थान, जयपुर के निर्देश के बाद प्रक्रिया स्थगित कर दी गई।




**लॉटरी टली, दावेदारों की 'गणित' भी अटकी**

आरक्षण की तस्वीर साफ नहीं होने से गांवों की सियासत में दावेदारों की रणनीति फिलहाल होल्ड हो गई है। कौन सा वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित होगा और किस सीट पर चुनावी मैदान खुलेगा—इसका फैसला सितंबर में होगा। राजनीतिक दलों के साथ-साथ संभावित प्रत्याशी भी अपने-अपने सियासी समीकरण, जातीय गणित और क्षेत्रीय पकड़ के हिसाब से तैयारियों में जुटे हैं। लेकिन आरक्षण की लॉटरी ने फिलहाल सभी की निगाहें सितंबर पर टिका दी हैं।

**'किसकी सीट बचेगी, किसका टिकट कटेगा'**

आरक्षण की घोषणा के साथ ही कई संभावित प्रत्याशियों के चुनावी समीकरण बदलना तय माना जा रहा है। लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय दावेदारों की नजर अब लॉटरी पर है। किसका क्षेत्र आरक्षित होगा और किसे नई सीट तलाशनी पड़ेगी—इसका जवाब सितंबर में मिलेगा। खासकर प्रधान पदों के आरक्षण को लेकर भी राजनीतिक दलों और स्थानीय नेताओं में उत्सुकता बनी हुई है। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होते ही टिकट के दावेदारों की दौड़ और जोड़-तोड़ तेज होने की संभावना है।

**अब सितंबर में खुलेगा सियासी पिटारा**

17 अगस्त की लॉटरी स्थगित होने के बाद अब 17-18 सितंबर की तारीख बेहद अहम हो गई है। इसी प्रक्रिया के बाद पंचायत चुनाव का स्थानीय राजनीतिक नक्शा काफी हद तक साफ होगा।

यानी फिलहाल लॉटरी टली है, सियासी तैयारी नहीं—दावेदार मैदान में हैं और नजरें सितंबर की आरक्षण लॉटरी पर टिकी हैं।

---

# 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन काछोला में हर्षोल्लास से मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

स्मार्ट हलचल

**काछोला 15 अगस्त 2026** राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन काछोला में सहायक अभियंता विनोद महावर के मुख्य आतिथ्य में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। समारोह को संबोधित करते हुए सहायक अभियंता विनोद महावर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान को स्मरण करने का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि देश ने आजादी के बाद विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राष्ट्र की प्रगति को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने विद्युत विभाग के कर्मचारियों से भी उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में पूरी तत्परता से कार्य करने का आह्वान किया। सुपरवाइजर लोकेंद्र सिंह शक्तावत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। दीपक पाराशर ने कहा कि देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हुए समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। ओमप्रकाश गुर्जर ने कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। युवाओं को राष्ट्रहित, शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक होकर देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर संजय मीणा, रामलाल धाकड़, सूरज हरिजन सहित ग्रिड सब स्टेशन के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समृद्धि के लिए संकल्प लिया।




---

# स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे की शान में जुटी शहर कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेसजनों का हुआ सम्मान



**गांधी भवन में ध्वजारोहण के साथ गूंजा राष्ट्रगान, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का लिया संकल्प**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा /** 80वें स्वतंत्रता दिवस पर गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम खटीक (जीपी) ने के नेतृत्व मे वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान कर संगठन की गौरवशाली परंपरा को नमन किया। राष्ट्रभक्ति और उत्साह से ओतप्रोत कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम खटीक (जीपी) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी देकर देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। समारोह के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठजन जयकुमार कोठारी एवं श्रीमती सुमित्रा कटिया सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजनों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने संगठन और समाज के प्रति उनके लंबे योगदान की सराहना करते हुए युवा कार्यकर्ताओं से उनके अनुभवों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवराम खटीक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिनके संघर्ष से भारत को आजादी मिली। उन्होंने संविधान, सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अक्षय त्रिपाठी, धर्मेंद्र पारीक, राजेंद्र जैन, रेखा हिरण, भंवर गर्ग, अनिल राठी, हारून रंगरेज, सत्यवीर सिंह राठौड़, राजकुमार माली, सुरेश बम्ब, डॉ. फरियाद, सुनील दत्त शर्मा, निसार सिलावट, प्रकाश ओझा, शिव प्रकाश घावरी, राकेश सिंघल, ममता शर्मा, दुर्गेश पानेरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने राष्ट्र की खुशहाली, प्रगति और अखंडता के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

---

# उदयपुर के सेलिब्रेशन मॉल में शॉपिंग करते दबोचा गया 65 हजार का इनामी तस्कर

## 6 साल से फरार था डोडा-चूरा तस्करी का मास्टरमाइंड पप्पूलाल

### स्वतंत्रता दिवस पर ANTF का बड़ा धमाका; राजस्थान व मध्यप्रदेश में 16 से अधिक मुकदमों में वांटेड, पुलिस पर फायरिंग और NDPS के दर्जनों संगीन मामले दर्ज...

स्मार्ट हलचल / पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा/उदयपुर ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान और मध्य प्रदेश में सक्रिय डोडा-चूरा तस्करी के मुख्य सूत्रधार पप्पूलाल उर्फ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहे इस कुख्यात तस्कर पर विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षकों की ओर से कुल 65 हजार रुपये का इनाम घोषित था। ANTF की विशेष टीम ने उसे उदयपुर के सेलिब्रेशन मॉल से उस समय दबोचा, जब वह आम ग्राहकों के बीच खरीदारी कर रहा था।

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हुई कार्रवाई**

ANTF महानिरीक्षक पुलिस शरत कविराज ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कार्रवाई महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन और महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। पकड़ा गया आरोपी पप्पूलाल उर्फ पप्पू (33) पुत्र बाबूलाल उर्फ बाबरूलाल, निवासी हांडीपुरा, थाना रतनगढ़, जिला नीमच (मध्यप्रदेश) का रहने वाला है।



**मजदूरी और खेती छोड़ तस्करी के दलदल में उतरा**

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि 12वीं तक पढ़ा आरोपी खेती-बाड़ी में पर्याप्त आमदनी न होने पर तस्करों की संगत में पड़ गया। वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश के सिंगोली थाने में उसके खिलाफ NDPS एक्ट का पहला मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वह करीब एक साल जेल में रहा। जेल से बाहर आने के बाद उसने नेटवर्क को और बड़ा कर लिया। वर्ष 2021 में चित्तौड़गढ़ के बेगूं थाने में डोडा-चूरा तस्करी का मामला दर्ज होने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।

**चार जिलों की पुलिस ने घोषित कर रखा था 65,000 का इनाम:**

भीलवाड़ा एसपी: 25,000
चित्तौड़गढ़ एसपी: 25,000
नीमच एसपी (म.प्र.): 10,000
नागौर एसपी: 5,000

**16 से अधिक संगीन मुकदमे और मारवाड़ तक नेटवर्क**

पप्पूलाल के खिलाफ राजस्थान और मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में 16 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला और पुलिस पर फायरिंग जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। वह भीलवाड़ा (कोटड़ी), चित्तौड़गढ़ (बेगूं), जोधपुर (बिलाड़ा), फलोदी (लोहावट), श्रीगंगानगर (राजियासर) तथा मध्यप्रदेश के रतनगढ़ और जावद थानों में वांछित था। आरोपी मध्य प्रदेश के अफीम काश्तकारों से डोडा-चूरा एकत्रित कर मारवाड़ क्षेत्र के तस्करों तक भारी मात्रा में खेप पहुंचाता था।

**मोबाइल छोड़ा, बसों से सफर; मॉल में बिछाया गया जाल**

पुलिस की तकनीकी निगरानी से बचने के लिए शातिर आरोपी ने मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह बंद कर रखा था और केवल रोडवेज व निजी बसों से सफर करता था। ANTF को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी उदयपुर में मौजूद है। टीम ने हिरण मगरी और शास्त्री नगर क्षेत्र में जाल बिछाया। जैसे ही उसके सेलिब्रेशन मॉल में खरीदारी करने की पक्की सूचना मिली, ANTF की टीम ने सादा वस्त्रों में आम खरीदार बनकर घेराबंदी की और उसे मौके पर ही दबोच लिया।

---

# ब्यावर में 129 किलो डोडा पोस्त बरामद, हिस्ट्रीशीटर तस्कर गिरफ्तार

## किया सोनेट कार से तस्करी का खुलासा, नाकाबंदी तोड़कर भागने का किया प्रयास; कार जब्त

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ब्यावर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 129.410 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। पुलिस ने डोडा पोस्त के परिवहन में प्रयुक्त किया सोनेट कार RJ06CF7199 को जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पुलिस थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। यह कार्रवाई महानिरीक्षक अजमेर रेंज डॉ. रवि सभरवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया तथा वृत्ताधिकारी ब्यावर राजेश कसाना के सुपरविजन में की गई। जिला स्पेशल टीम, पुलिस थाना ब्यावर सदर एवं जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 15 अगस्त को जिला साइबर सेल प्रभारी पवन सिंह को सूचना मिली कि काले रंग की किया सोनेट कार में डोडा पोस्त भरकर ब्यावर से रूपनगर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर जिला स्पेशल टीम प्रभारी राजदीपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने संदिग्ध कार का पीछा किया तथा रूपनगर में नाकाबंदी करवाई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने नाकाबंदी तोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा कर कार को रोका और चालक को हिरासत में लिया। कार की तलाशी लेने पर 10 प्लास्टिक के कट्टों में डोडा पोस्त बरामद हुआ। वजन करने पर कुल 129.410 किलोग्राम डोडा पोस्त पाया गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान राम पुत्र पाबूराम, उम्र 32 वर्ष, निवासी शिशपाला की ढाणी, डोली कल्ला, पुलिस थाना कल्याणपुर, जिला बालोतरा के रूप में की है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और वह पुलिस थाना कल्याणपुर का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बरामद मादक पदार्थ की सप्लाई कहां से हुई और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इस संबंध में आरोपी से पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी ब्यावर सदर गजराज सिंह, जिला स्पेशल टीम प्रभारी राजदीपेन्द्र सिंह, अरविन्द कुमार, रामजस, जितेन्द्र सिंह, साइबर सेल प्रभारी पवन सिंह, भवानी सिंह, देशराज, सुरेन्द्र सिंह, सुखपाल एवं हरेन्द्र सहित पुलिस टीम के सदस्य शामिल रहे।



# एक बूंद ने जगाई इंसानियत, शाहपुरा के रामद्वारा में सेवा का बना विराट संगम

## रक्तदान के लिए उमड़े शहरवासी, पिता-पुत्र से लेकर महिलाओं तक ने दिखाई सामाजिक जिम्मेदारी; दो ब्लड बैंक टीमों ने संभाला मोर्चा...

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** किसी अनजान चेहरे की जिंदगी बचाने के लिए जब अपना रक्त दिया जाता है, तो इंसानियत की इससे बड़ी मिसाल शायद ही कोई हो। शाहपुरा के रामनिवास धाम स्थित रामद्वारा में आयोजित विशाल रक्तदान अभियान में ऐसा ही संवेदनशील और प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही रक्तदान के लिए लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया और देखते ही देखते रामद्वारा परिसर सेवा भावना से सराबोर हो उठा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना शताब्दी वर्ष के अवसर पर श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास, शाहपुरा इकाई की ओर से आयोजित इस अभियान में युवाओं के साथ विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कोई अकेला पहुंचा तो कोई मित्रों के साथ, कहीं पिता-पुत्र ने साथ रक्तदान किया तो कई महिलाएं भी समूह में रक्तदान के लिए आगे आईं।

**रक्तदान बना सेवा का संकल्प**

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए युवाओं से सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उनका कहना था कि रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं किया जा सकता, इसलिए जरूरतमंद मरीज के लिए स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास के कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी गोविंद सोड़ाणी ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद परिवार के लिए जीवन की उम्मीद बनना है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया।

**20 पलंगों पर चला रक्त संग्रह, दो टीमों ने संभाली व्यवस्था**

रक्तदाताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए शिविर में करीब 20 पलंगों की व्यवस्था की गई। रक्त संग्रह के लिए रामसनेही चिकित्सालय ब्लड बैंक तथा महात्मा गांधी चिकित्सालय, भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीमों ने सेवाएं दीं। चिकित्सा टीमों ने रक्तदाताओं की आवश्यक जांच एवं रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी की, जबकि स्वयंसेवक लगातार व्यवस्थाओं और रक्तदाताओं की सहायता में जुटे रहे। शिविर संयोजक डॉ. परमेश्वर कुमावत सहित कार्यकर्ताओं ने आयोजन को व्यवस्थित बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई।

**जब पिता-पुत्र और परिवार की महिलाओं ने साथ बढ़ाया कदम**

रक्तदान अभियान की सबसे प्रेरक तस्वीरों में पिता-पुत्र का एक साथ रक्तदान करना और एक परिवार की महिलाओं का समूह में आगे आना रहा। इन दृश्यों ने यह संदेश दिया कि रक्तदान किसी एक वर्ग या उम्र तक सीमित नहीं है। स्वस्थ और सक्षम व्यक्ति का छोटा सा योगदान किसी जरूरतमंद के परिवार के लिए बड़ी उम्मीद बन सकता है।

**रक्तदाताओं का सम्मान, बढ़ा सेवा का उत्साह**

आयोजक संस्था की ओर से रक्तदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अभिनंदन किया गया। रक्तदाताओं को सम्मान पत्र, दुपट्टा, की-चेन एवं कपड़े का बैग देकर सम्मानित किया गया। शिविर में पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने भी रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

**सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों की रही सक्रिय भागीदारी**

आयोजन की व्यवस्थाओं में संघ के जिला प्रचारक केशव नारायण, विभाग व्यवस्था प्रमुख सत्यप्रकाश काबरा, शिविर संयोजक डॉ. परमेश्वर कुमावत, नगर कार्यवाह कन्हैयालाल वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शाहपुरा जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. अशोक जैन, नर्सिंग अधीक्षक कैलाश गोठवाल एवं ओमप्रकाश शर्मा भी शिविर में पहुंचे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आयोजकों एवं चिकित्सा टीम के प्रयासों की सराहना की।

**रामद्वारा से गया बड़ा संदेश**

रामद्वारा में आयोजित यह अभियान सिर्फ रक्त संग्रह तक सीमित नहीं रहा। इसने समाज को यह संदेश दिया कि सेवा के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनशील सोच और आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने की जरूरत होती है। किसी अनजान व्यक्ति की जिंदगी बचाने के लिए दिया गया रक्त, इंसानियत के नाम सबसे अनमोल योगदान है। शाहपुरा में रक्तदान के लिए उमड़ा उत्साह इसी सामाजिक संवेदना की मजबूत तस्वीर बनकर सामने आया।

## सावन की फुहारों में सजा 'मेघ मल्हार', तीज उत्सव में बिखरे उमंग और परंपरा के रंग

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** स्वतंत्रता दिवस एवं तीज के पावन अवसर पर खंडेलवाल महिला मंडल, भीलवाड़ा की ओर से तीज उत्सव का भव्य एवं यादगार आयोजन 'मेघ मल्हार' नाम से किया गया। सावन की फुहारों, सखियों की हंसी और रंग-बिरंगी परंपराओं के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने महिलाओं में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता घीया, हेमलता पाटोदिया एवं राधा मामोरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अंताक्षरी, लहरिया क्वीन एवं घूमर फ्रिज सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लहरिया क्वीन प्रतियोगिता में आकर्षक प्रस्तुति एवं प्रतिभा के लिए विजया शाह एवं सुरभि कायथवाल को विजेता घोषित कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका दीप्ति खंडेलवाल एवं पुष्पा जी घीया ने निभाई। कार्यक्रम में महिलाओं ने एकजुट होकर देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुति दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रस्तुत इस कार्यक्रम ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम की भावना से भर दिया।

**मां और बहुओं की भावुक प्रस्तुति ने जीते दिल**

कार्यक्रम का सबसे भावुक एवं आकर्षक क्षण 'मां और बहुओं' के विशेष कार्यक्रम के दौरान देखने को मिला। इसमें मां और बहुओं ने एक-दूसरे के प्रति अपने स्नेह, भावनाओं और रिश्तों की खूबसूरती को साझा किया। इस आत्मीय प्रस्तुति ने उपस्थित सभी महिलाओं को भावुक कर दिया और रिश्तों की मिठास का सुंदर संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में माधुरी, नमिता, रुचि, अर्पिता, श्वेता एवं ज्योति का विशेष सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम के संपूर्ण प्रबंधन एवं संचालन को व्यवस्थित रूप देने में समता कानूनगो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**परंपरा में नई पीढ़ी के लिए नई ऊर्जा**

'मेघ मल्हार' ने यह संदेश दिया कि हमारे पारंपरिक त्योहार केवल संस्कृति और विरासत की पहचान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को जोड़ने, रिश्तों को मजबूत करने और जीवन में उमंग के नए रंग भरने का माध्यम भी हैं।

**सावन की फुहारों में भीगी यादें,**
सखियों की हंसी में बसी खुशियां,
**और परंपराओं में घुली नई ऊर्जा–**
**यही रहा खंडेलवाल महिला मंडल का यादगार 'मेघ मल्हार'।**

## भवानी मंडी थाना क्षेत्र के नारायण खेड़ा गांव नदी की पुलिया पर बह रहे पानी में अधेड़ बहा





### बीती रात की घटना सवेरे मिला शव

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी**
भवानी मंडी थाना क्षेत्र के नारायण खेड़ा गांव में एमपी की और जाने वाले रास्ते पर रेवा नदी पर बनी पुलिया पर बीती रात एक 45 वर्षीय अधेड़ खेत पर से घर आते समय बह गया सवेरे एस डी आर एफ की टीम की तलाशी में उसका शव पुलिया से लगभग आधा किलोमीटर दूर बरामद हुआ भवानी मंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार तथा नारायण खेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच गोवर्धन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात नारायण खेड़ा निवासी नानूराम पुत्र रतनलाल गुर्जर उम्र 45 वर्ष अपने खेत से घर पर आ रहा था बीच में नदी की पुलिया रपट पर पानी बह रहा था नदी के एक और नानूराम गुर्जर था तथा दूसरी ओर उसके दो भतीजे तूफान और कन्हैया थे जो खेतों की ओर जा रहे थे नानूराम दूसरी ओर था उसके भतीजे ने उसे आवाज लगाकर रोका भी की रपट पर पानी है अभी मत आओ थोड़ी देर बाद पानी उतर जाए जब आना लेकिन नानूराम ने शायद सुन नहीं पाया और रपट पर आगे आने लगा एक बार वह गिरकर उठ गया दूसरी बार गिरा तो बह गया सूचना मिलने पर भवानी मंडी पुलिस उपाधीक्षक सत्यनारायण गोदारा थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ए एस आई पुष्पेंद्र सिंह मय पुलिस जाप्ता तथा एसडीआरएफ की टीम को लेकर वहां पहुंचे लेकिन रात के अंधेरे में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिली सवेरे फिर पुलिस में जाप्ता तथा एसडीआरएफ की दो टीमों को नदी में उतर काफी तलाश करने के बाद नदी पुलिया से लगभग आधा किलोमीटर दूर एक तार में फंसा नानूराम का शव बरामद हुआ सूचना मिलने पर पचपहाड़ तहसीलदार अब्दुल हफीज तथा भवानी मंडी पंचायत समिति विकास अधिकारी रामदेव जांगिड़ भी मौके पर पहुंच गए थे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया

# 200 सप्ताह की रेखाओं में सजा उदयपुर, चौथी अर्बन स्केचर्स प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

### आरके मॉल में दिखी लेकसिटी की विरासत और जीवन के रंग

### अतिथियों ने भी कूंची थामी, 45 से अधिक कलाकारों के स्केच बने आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर,** उदयपुर की ऐतिहासिक विरासत, स्थापत्य, गलियों, बाजारों, प्राकृतिक सौंदर्य और रोजमर्रा के जीवन को रेखाओं में सहेजने वाले अर्बन स्केचर्स उदयपुर (स्च) की चौथी प्रदर्शनी का शनिवार को आरके मॉल में भव्य शुभारंभ हुआ। समूह की 200 सप्ताह की निरंतर स्केचिंग यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी में शहर सहित विभिन्न स्थानों और विषयों पर बनाए गए सैकड़ों जीवंत रेखाचित्र प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी का उद्घाटन राजस्थान मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय जयपुर के अतिरिक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा, कलाप्रेमी प्रवीण कपूर आदि अतिथियों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित रेखाचित्रों का अवलोकन किया और कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना की। अर्बन स्केचर्स प्रमुख सुनील लड्ढा व स्केच आर्टिस्ट शिखा पुरोहित ने अतिथियों को प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए प्रदर्शित विषयवस्तु की जानकारी दी।

**रेखाओं में सहेजा जा रहा लेकसिटी का सौंदर्य**

उद्घाटन अवसर पर डॉ. आनंद गुप्ता ने कहा कि अर्बन स्केचिंग केवल चित्र बनाने की कला नहीं, बल्कि शहर को देखने, समझने और उसकी स्मृतियों को सहेजने का रचनात्मक माध्यम है। उदयपुर के शिल्प, स्थापत्य और नैसर्गिक सौंदर्य को रेखाओं के जरिये संरक्षित करने का यह प्रयास बेहद सराहनीय है। उन्होंने कलाकारों के कला कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास शहर की विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**अतिथियों ने भी थामी कूची, रंगों से रचा कैनवास**

प्रदर्शनी के उद्घाटन को कलाकारों के साथ अतिथियों ने भी अपनी रचनात्मक भागीदारी से खास बना दिया। डॉ. आनंद गुप्ता, पुलिस मुख्यालय जयपुर के अतिरिक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा और कलाप्रेमी प्रवीण कपूर सहित अतिथियों ने रंग और कूंची थाम कर स्वयं चित्र तैयार किए। अतिथियों द्वारा बनाए गए इन चित्रों ने उद्घाटन समारोह को औपचारिक आयोजन से आगे बढ़ाकर एक जीवंत कला उत्सव का रूप दे दिया। इस दौरान यूसीसीआई चेयरमैन संदीप बापना, मुकेश गुरनानी, संदीप राठौड़ सहित कई वरिष्ठ कलाप्रेमियों व उद्योगपतियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रशंसा की।

**200 सप्ताह पूरे होने पर विशेष स्मृति चिन्ह**

कार्यक्रम के दौरान श्री सुरेश पालीवाल द्वारा अर्बन स्केचर्स उदयपुर को 200 सप्ताह पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष स्मृति चिन्ह (मेमेंटो) भेंट किया गया। यह स्मृति चिन्ह समूह की निरंतर रचनात्मक यात्रा, उपलब्धि और कला के प्रति समर्पण के सम्मान एवं उत्सव का प्रतीक रहा।

**45 कलाकारों की रचनाओं ने बिखेरे कला के रंग**

प्रदर्शनी में अर्बन स्केचर्स उदयपुर से जुड़े अनेक कलाकारों के स्केच प्रदर्शित किए गए। इनमें आदित्य सेन, अखिलेश कुमावत, अर्पण, असद सिद्दीकी, भानु प्रताप सोनी, भावेश डूंगरी, भूमिका देपुरा, बंटी सुथार, दीप सिंह, दीपिका मेघवाल, दीप्ति आमेटा, हेमंत जोशी, देवेश व्यास, फरहान, ग्रिशा सूरी, जयेश कोठारी, कमलेश डांगी, जय खत्री, नीलोफर मुनीर, राहुल माली, राम बहादुर राणा, सूर्यभान, केनी सेन, कृष्णा, कृष्णम लड्ढा, विनीत खत्री, विश्वास आमेटा, यशस्वी श्रीवास्तव, दिनेश यादव, पारुल मंडोत, हिरल तीरगर, जिनल जैन, करिश्मा जोशी, रोहित व्यास, शिखा पुरोहित, सिमरन बिड़ला, मुकेश गुरनानी, सुरेश पालीवाल, पुरंजय श्रीमाली, तुलिका देपुरा, वरुण गुरनानी, पुविशा व्यास, सुहानी व्यास, सुनील लड्ढा और यश वाधानी के रेखाचित्र शामिल हैं। इन कलाकारों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से उदयपुर और अन्य स्थानों के जीवन, स्थापत्य, प्रकृति तथा सामाजिक परिवेश को कागज पर उतारा है। अलग-अलग शैली और दृष्टि से बनाए गए स्केच प्रदर्शनी में आने वाले कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण बने हुए हैं।

**कला सीखने और समझने का भी अवसर**

प्रदर्शनी के साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया। 'कला कैसे बेचें' विषय पर रजत कहानीवाला तथा सुरेश पालीवाल ने 'परिप्रेक्ष्य रेखाचित्र कैसे बनाएं' विषय पर कार्यशाला ली। राहुल माली ने लाइव स्केचिंग के माध्यम से शहरवासियों को आकर्षित किया। शाम को कृष्णा और पुविशा के साथ मुक्त मंच का आयोजन तथा असद सिद्दीकी और नीरज की संगीत संध्या के साथ पहले दिन का समापन हुआ। अर्बन स्केचर्स प्रमुख सुनील लड्ढा ने बताया कि 200 सप्ताह की यह यात्रा केवल चित्र बनाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि उदयपुर की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक इमारतों, स्थापत्य कला, प्रकृति और शहर के बदलते स्वरूप को लगातार दस्तावेज के रूप में दर्ज करने का प्रयास रही है। चौथी प्रदर्शनी इसी रचनात्मक यात्रा को आमजन तक पहुंचाने की पहल है।

## विधायक आक्या ने स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालय पर किया ध्वजारोहण



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः अपने कार्यालय पर ध्वाजारोहण किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में विधायक आक्या ने क्षेत्रवासियो को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भरत जागेटिया, भोलाराम प्रजापत, झमक लाल सुखवाल, शेलेन्द्र झंवर, सुदर्शन रामपुरिया, नवीन पटवारी, मुन्ना गुर्जर, अनिल भटनागर, जगदीश जांगीड, रामबक्ष कीर, रामचन्द्र गुर्जर, गोपाल धाकड, सत्यनारायण वैष्णव, नीरज सुखवाल, राजन माली, रामप्रसाद बगेरवाल, दिलीप धाकड़, रेखा शक्तावत, रेणु मिश्रा, सिम्पल वैष्णव, गिरीश दीक्षित, पिन्टू मोदी, राजकुमार तोलम्बिया, राजेश शर्मा, सुनिल लढ्ढा, विनित तिवारी, राजेश मोची, महेन्द्र सिंह, भारत सिंह राजोरा, महेन्द्र सिंह राजोरा, दीपक वर्मा, पंकज सेन, विपिन सिंह, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय गंगापुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके विचार, आदर्श और संगठन के प्रति समर्पण सदैव भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देते रहेंगे।

## आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ भीलवाड़ा की कार्यकारिणी का विस्तार: डॉ. जी. एल. शर्मा संरक्षक व डॉ. संजय शर्मा बने महासचिव

### डॉ. सतीश शर्मा ने की नई कार्यकारिणी की घोषणा; डॉ. ज्ञानेंद्र गोयल उपाध्यक्ष, डॉ. हरीश केडिया सह-सचिव, डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा महिला प्रतिनिधि व डॉ. मुकेश वैष्णव बने प्रवक्ता

(स्मार्ट हलचल)

**भीलवाड़ा ।** आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ भीलवाड़ा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। संगठन को अधिक सक्रिय, सुदृढ़ एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से डॉ. सतीश शर्मा द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार कर विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपे गए हैं।

नवगठित कार्यकारिणी में इन्हें मिला दायित्व:
संरक्षक: डॉ. जी. एल. शर्मा
उपाध्यक्ष: डॉ. ज्ञानेंद्र गोयल
महासचिव: डॉ. संजय शर्मा
सह-सचिव: डॉ. हरीश केडिया
महिला प्रतिनिधि: डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा
प्रवक्ता: डॉ. मुकेश वैष्णव

आयुर्वेद चिकित्सकों के हितों और संगठन की मजबूती पर रहेगा जोर
नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं। पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए कहा कि वे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के संवर्ग से जुड़ी समस्याओं के समाधान, सेवा संरक्षण एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार व संवर्धन के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## बटवारा' देखने तिरंगा लेकर निकले सनी देओल के दीवाने, भीलवाड़ा की सड़कों पर गूंजे भारत माता के जयकारे



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा /** धर्म से बढ़कर मॉ का महत्व बताने वाली सनी देओल की फि ल्म बटवारा को लेकर भीलवाड़ा वासियों में उत्साह चर्म पर है। फिल्म को देखने सिनेमा हॉल में बड़ी तादाद में लोग पहुंच रहे है। स्वतत्रंता दिवस पर युवा अपने साथ तिरंगा लेकर फिल्म देखने पहुंचे रहे है और भारत माता के जयकारें लगाते शहर की सड़कों से गुजर रहे। सन्नी देओल के ऐसे ही चाहने वाले नारायण भदाला आज अपने साथियों के साथ फिल्म देखने पहुंचे। बड़ी संख्या में हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता जयकारें लगाते हुएजब यह शहर की सड़कों से निकले। भदाला पहले भी सन्नी देओल की फिल्मों को देखने क भी ट्रेक्टर तो कभी हल लेकर सिनेमा हॉल पहुंचे थे जो चर्चा का विषय बन गया था। नारायण भदाला ने कहा कि सनी देओल की जब से बॉर्डर फिल्म में देखी जब से हम उनके दीवाने हैं। उनकी फिल्मों से हमें पारिवारिक संस्क ार और देशप्रेम के लिए बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हर फिल्म में दो तरह के चरित्र होते हैं पर हम सकारात्मक पक्ष को अपने जीवन में उतार लें तो जिंदगी बदल सकती है। इस फिल्म में सबसे बड़ा सकारात्मक संदेश माँ और मानवता का है। जो व्यक्ति अपनी माँ से प्रेम करता है। वह दूसरे की माँ का भी सम्मान करेगा क्योंकि हर माँ बराबर होती है। आज हम छोटी-छोटी बातों पर एक-दूसरे की माँ को गाली देने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगते हैं जबकि माँ का सम्मान सबसे जरूरी है। सनी देओल से हमने बहुत कुछ सीखा है। उनके प्रति हमारा प्रेम इसलिए है, क्योंकि उन्होंने हमें अच्छी बातें सिखाई। उनसे मिली सीख को जीवन में उतारना और समाज को लौटाना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि और जिम्मेदारी है।

### कोटा विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस, कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने किया ध्वजारोहण

# 'विकसित भारत-2047' के संकल्प में युवा शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण-प्रो. सारस्वत

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय में शनिवार को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रभक्ति, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के साथ ही उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार ने राष्ट्रगान के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव मुरलीधर प्रतिहार के सहित शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं



विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वजारोहण के पश्चात परेड एवं मार्च-पास्ट का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न दलों ने अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर तिरंगे को सलामी दी। पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण नजर आया। मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अतीत की उपलब्धि का स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का दिन है। आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के विजन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा के केंद्र में देश की युवा पीढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी सामर्थ्य है। युवाओं को शिक्षा, कौशल, नवाचार, अनुसंधान, तकनीक और उद्यमिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के युवाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य युवाओं को अवसर, संसाधन और आत्मनिर्भरता के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। कुलगुरु प्रो.सारस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि कोटा विश्वविद्यालय भी विकास के नए सोपान तय कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक, शोध, अधोसंरचना एवं विद्यार्थी-केंद्रित कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के साथ अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक अवसरों के विस्तार, शोध गतिविधियों को प्रोत्साहन, विद्यार्थियों के लिए बेहतर सुविधाओं तथा अकादमिक वातावरण को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने, राष्ट्रगान और ध्वज को सलामी देने के साथ हुई। इसके बाद परेड एवं मार्च-पास्ट आयोजित किया गया। कुलगुरु के संबोधन के पश्चात विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## अंसल सुशांत सिटी परिवार की बहनों ने मनाया सावन महोत्सव

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजीका सीमा पारीक ने बताया अंसल सुशांत सिटी भीलवाड़ा में अंसल परिवार महिलाओं द्वारा शिव मंदिर पर सावन महोत्सव मनाया गया सावन महोत्सव (श्रावण मास) मुख्य रूप से भगवान शिव की कृपा पाने, समुद्र मंथन के दौरान शिव द्वारा विषपान करने की घटना को याद करने और मानसून की हरियाली का स्वागत करने के लिए मनाया जाता है बहनों ने भगवान के भजन व नृत्य करा कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजीका सीमा पारीक, किस्मत, किरण कवर मनभर कवर रेखा कवर समज कवर संपद पारासर अनुराधा चंचल मेना खुशी सुनीता बिना कवर नन्दनी कवर आशा स्नेहलता पारीक सुमन कवर पुष्मिता राठौड़ दीपा पूजा प्रजापत अंजली आस्था पारीक गर्विता पारीक बहने उपस्थित रही।



### श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान ने धूमधाम से निकाली भव्य कावड़ यात्रा, गूंजे भोले के जयकारे

## 151 कावड़ व 51 कलश के साथ शिवभक्तों ने किया नगर भ्रमण, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा शहर

### डीजे की धुन पर मधुर भजनों पर नाचते गाते हुए हरणी महादेव पहुंचे कर किया भोले का अभिषेक

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान, भीलवाड़ा के तत्वावधान में रविवार को सावन मास के पावन अवसर पर 51वीं भव्य कावड़ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ निकाली गई। प्रातः 7.30 बजे पीपलेश्वर महादेव मंदिर (सूचना केंद्र के पीछे) से शुरू हुई यात्रा में सैकड़ों शिवभक्त शामिल हुए और पूरा शहर भगवान भोलेनाथ के जयघोष से शिवमय हो उठा। कावड़ यात्रा के पूर्व रात्रि मे पिपलेश्वर महादेव मंदिर मे सुंदर कांड का पाठ किया जिसमें देश भक्ति के गीतो का संघान ओर बारिश की कामना की गई भजनो पर भक्त जूम उठे। यात्रा का शुभारंभ मंहत मोहनशरण शास्त्री, पूर्व सासंद सुभाष बहेडिया के सानिध्य में हुआ। अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कावड़ियों ने पवित्र जल के साथ यात्रा प्रारंभ की। कावड़ यात्रा आजाद चौक, सत्यनारायण मंदिर, रेलवे स्टेशन, सरकारी दरवाजा, गोल प्याऊ चौराहा, बालाजी मार्केट, सूचना केंद्र, राजीव गांधी मार्केट, सिटी कोतवाली, गर्ल्स कॉलेज, बड़ला चौराहा, श्याम मंदिर और दादीधाम होते हुए हरणी महादेव मंदिर पहुंची। मार्गभर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और शिव भक्ति गीतों के साथ भगवान शिव की आराधना की। संयोजक राजेश शर्मा ने बताया कि यात्रा में 151 कावड़िये एवं 51 महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। हरणी महादेव स्थित 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान महेश का जलाभिषेक एवं विशेष पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।



## सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन अभियान का जिला स्तरीय समारोह आयोजित



### मानदेय कर्मियों को मिला आर्थिक संबल, मतदान की शपथ लेकर लोकतंत्र में भागीदारी का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन' एवं 'समृद्ध राजस्थान' की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से शनिवार को ब्यावर के अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं साथिनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्म लाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक नीरू सांखला सहित जिले के समस्त सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न मानदेय कर्मियों के खातों में राखी के अवसर पर 1,100 रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए। साथ ही साड़ी के लिए 1,000 रुपये सीबीई तथा डेटा प्लान की राशि भी हस्तांतरित की गई। इससे मानदेय कर्मियों को आर्थिक संबल मिला। समारोह में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और समग्र विकास के लिए विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने 'सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन' के माध्यम से स्वस्थ एवं सशक्त परिवार तथा समृद्ध राजस्थान के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों ने मतदान की शपथ लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इसके बाद वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपनिदेशक नीरू सांखला ने सभी अतिथियों एवं कार्मिकों का आभार व्यक्त किया।

# तिरंगे की शान में गूंजा ब्यावर, देशभक्ति के रंग में रंगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

### मंत्री अविनाश गहलोत ने किया ध्वजारोहण, परेड ने बढ़ाया जोश; विद्यार्थियों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** 80वां स्वतंत्रता दिवस ब्यावर में उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में आयोजित हुआ। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। समारोह में विधायक शंकर सिंह रावत, जिला कलक्टर कमल राम मीना, जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, विद्यार्थी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री अविनाश गहलोत ने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को



नमन किया। उन्होंने कहा कि आज देश जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहा है, वह वीर शहीदों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है।

**युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान**

मंत्री गहलोत ने कहा कि भारत ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। राजस्थान में भी विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को गति मिली है। उन्होंने युवाओं को देश की ताकत बताते हुए नशे से दूर रहने तथा शिक्षा, रोजगार, खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

**परेड और पीटी प्रदर्शन ने बढ़ाया उत्साह**

समारोह में हरिराम की अगुवाई में परेड हुई। आरएसी, राजस्थान पुलिस, पीटीएस जोधपुर और एनसीसी की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। 9वीं बटालियन टोंक एवं आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के बैंड ने भी अपनी प्रस्तुति दी। वहीं एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने सामूहिक पीटी प्रदर्शन कर समारोह में जोश भर दिया। इस दौरान शहीदों की वीरांगनाओं को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

विद्यार्थियों ने देशभक्ति और राजस्थान की लोक संस्कृति से जुड़ी शानदार प्रस्तुतियां दीं। घूमर, तेरहताली, वंदे मातरम्, सैनिकों के त्याग और देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ब्यावर के विद्यार्थियों ने मिजोरम के खुबुलम एवं चेराव नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर साकार किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद महिला एवं पुरुष वर्ग में रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## AVVNL में तबादला आदेश बेअसर!

## एक माह बाद भी कार्मिक रिलीव नहीं, ट्रांसफर बैन के बीच स्थानीय तबादलों पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (AVVNL) में तबादला आदेशों की पालना को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। 10 जुलाई 2026 को निगम सचिव (प्रशासन) स्तर से जारी आदेश के एक माह बाद भी कई कार्मिकों को रिलीव नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ललित तोलंबिया (AO), साक्षी वालिया (JEN), वाशिम खान (CA-I), बालकृष्ण प्रजापत (JEN), जितेंद्र जोनवाल (JEN) और आयुष माथुर (JEN) को अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है। रिलीविंग के लिए पत्राचार के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल उठ रहे हैं।

**'ऊपर आदेश, नीचे अड़ंगा? '**

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब निगम के सचिव (प्रशासन) स्तर से तबादला आदेश जारी हो चुके हैं तो उनकी पालना स्थानीय स्तर पर क्यों अटकी हुई है? क्या निगम के आदेशों से ऊपर भी कोई व्यवस्था है?

वहीं, तबादलों पर रोक के बावजूद अधिशासी अभियंता, भीलवाड़ा रतन लाल वीरवाल द्वारा ग्रामीण द्वितीय क्षेत्र से जुड़े कार्मिकों के स्थानीय स्तर पर तबादले किए जाने के आरोप ने मामले को और गंभीर बना दिया है।

**'नियम सबके लिए बराबर या अलग-अलग? '**

एक तरफ उच्च स्तर के तबादला आदेशों की पालना नहीं होने का आरोप और दूसरी तरफ ट्रांसफर बैन के बीच स्थानीय आदेश–दोनों मामलों में निगम प्रशासन से स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है। अब सवाल यह है कि 10 जुलाई के आदेश के बाद किसे रिलीव किया गया, किसे रोका गया और क्यों? साथ ही रोक के दौरान जारी स्थानीय तबादला आदेशों के लिए सक्षम स्वीकृति ली गई थी या नहीं–इसकी जांच की जरूरत बताई जा रही है। कार्मिकों के बीच चर्चा तेज है– 'जब निगम के आदेश ही धरातल पर लागू नहीं होंगे, तो फिर नियमों की पालना किससे कराई जाएगी?

## अवैध बजरी परिवहन पर बर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर/बर ।** अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग को सूचना दी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, अपराध शाखा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत करने एवं अपराधों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतनसिंह आईपीएस के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर अनुकृति उज्जैनिया आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी रायपुर बंशीलाल पाण्डर के निकटतम सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। थाना बर थानाधिकारी पन्नालाल उप निरीक्षक मय पुलिस टीम ने अवैध बजरी का परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस द्वारा मामले में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग को सूचित किया गया है। थाना बर पुलिस द्वारा अवैध खनन एवं बजरी के अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। कार्रवाई करने वाली टीमः थानाधिकारी पन्नालाल उप निरीक्षक एवं वेदप्रकाश मुख्य आरक्षक नं. 24।

# श्रावण मास में कपिल पालीवाल की 'सनातनी' प्रस्तुतियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन...

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर-नाथद्वारा/** श्रावण मास के पावन अवसर पर नाथद्वारा स्थित स्टैच्यू ऑफ बिलीफ (विश्वास स्वरूपम) में आयोजित विशेष आध्यात्मिक एवं संगीत कार्यक्रम में गीतकार, शायर और संगीत निर्देशक कपिल पालीवाल की 'सनातनी' प्रस्तुतियों ने मौजूद श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। भक्ति, संगीत, शायरी और ध्यान के इस अनूठे संगम में कपिल पालीवाल ने भगवान शिव की आराधना से लेकर मानवीय संवेदनाओं तक को अपनी विशिष्ट शैली में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव आराधना की भावपूर्ण रचनाओं से हुई। 'जल अग्नि धरा वायू, अंतरिक्ष प्राण आयु... पंच भूत त्वं अहम... त्वमेव केवलम शिवम्...' जैसे शब्दों ने वातावरण को शिवमय बना दिया। इसके बाद 'सत्यम शिवम हे सुंदरा, हे त्रिनेत्र धारी दिगंबरा... तुम्हरी शरण अभयंकरा,



पाहिमाम शिव शंकरा...' की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। शिव के स्वरूप, शक्ति और भक्त की शरणागति को शब्दों में पिरोती इस रचना पर श्रोता मंत्रमुग्ध नजर आए। कपिल पालीवाल ने अपनी प्रस्तुति में शिव के विभिन्न रूपों को भी काव्यात्मक अंदाज में सामने रखा– 'तुम शिव तुम ही शक्ति हो, तुम ईश तुम ही भक्ति हो... दया करो विश्वंभरा... '। श्रावण मास की शिवभक्ति के अनुरूप इन पंक्तियों ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण को और गहरा कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में केवल आराधना ही नहीं, बल्कि प्रेम, विरह और मानवीय संवेदनाओं के भी अनेक रंग देखने को मिले। 'देख... मैं कैसा हूं तुझ बिन...' से शुरू हुई रचना में गणेश के बिना मोदक, कृष्ण के बिना बांसुरी, शिव के बिना जटा-गंगा, राधा के बिना कृष्ण और राम के बिना सिया जैसी उपमाओं के माध्यम से विरह और समर्पण को बेहद संवेदनशील अंदाज में अभिव्यक्त किया गया। 'आंखों में हरदम पानी है... बस इतनी सी कहानी है... अंधेरों में हैं सारे दिन...' जैसी पंक्तियों ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। कपिल पालीवाल की रचनाओं में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के विविध स्वरूप भी दिखाई दिए। कहीं शिव का रौद्र रूप था तो कहीं श्रीराम और श्रीकृष्ण की छवियां। 'कभी मुरली हाथ जमुना के तीर...' और 'नयनों में नीर...' जैसे भावों ने भक्ति और काव्य को एक साथ पिरो दिया।

**प्रीत के गीत ने किया भावुक**

कार्यक्रम का एक भावुक पक्ष मां को समर्पित 'प्रीत के गीत' रहा। 'वो है नहीं मगर रोज उससे मुलाकात करता हूं... मैं रोज मां की तस्वीर से बात करता हूं...' जैसी पंक्तियों ने श्रद्धालुओं को भीतर तक छू लिया। वहीं 'पाजेब बेचकर जब मां लाई बच्चे की किताब... पन्ना कोई पलटूं, मुझे छन-छन की आवाज आती है...' ने मां के त्याग और ममता की मार्मिक तस्वीर सामने रख दी। कपिल पालीवाल ने गीत, गजल और शेर-ओ-शायरी को सनातनी भावभूमि से जोड़ते हुए अपनी विशिष्ट प्रस्तुति-विधा 'सनातनी' के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ साहित्य और संगीत का भी अनुभव कराया। उनकी प्रस्तुतियों के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर सुनते रहे और पूरा वातावरण शिवभक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया।

### वीर तेजा छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण

## जिला जाट समाज संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** जिला जाट समाज संस्थान, चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीर तेजा छात्रावास में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। ध्वजारोहण के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके त्याग और बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में जिला जाट समाज अध्यक्ष देवीलाल जाट, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, मिठुलाल जाट, जाट समाज महिला जिलाध्यक्ष सीता देवी जाट, रामरतन पाटनीया, जाट समाज जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन जाट, नगजीराम जाट, भैरुलाल जाट अरनिया, सागर चौधरी सहनवा, लेहरूलाल जाट ओरडी, भेरुलाल जाट कुंभानगर, कृषि अधिकारी शंकरलाल जाट, पप्पू जाट उदपुरा, भीमराज जाट, रामलाल जाट, रणधीर सिंह सुहागा, मदनलाल जाट पाटनीया, जगदीश जाट, ऊंकार जाट, रामेश्वर जाट, बदाम बाई जाट सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### हल्द्वानी की घटना के विरोध में ब्यावर में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

# विशाल विरोध मार्च निकालकर जताया आक्रोश, अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया सत्याग्रह

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार, ब्यावर।** हल्द्वानी की घटना के विरोध एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर की ओर से शुक्रवार को जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में विशाल विरोध मार्च एवं सत्याग्रह किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए घटना के प्रति आक्रोश जताया और सामाजिक समानता एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। विरोध मार्च महात्मा गांधी सर्किल, चांगगेट से




शुरू हुआ। कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां एवं पोस्टर लेकर मार्च करते हुए स्वामी कुमारानंद की प्रतिमा के समक्ष से गुजरे और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचे। यहां कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर सत्याग्रह किया। जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा कि हल्द्वानी में कांग्रेस की रैली के स्थल पर कथित 'शुद्धिकरण' की घटना बेहद निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यह घटना समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस ऐसी भेदभावपूर्ण मानसिकता को स्वीकार नहीं करेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खनन प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष आशीषपाल पदावत ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समान सम्मान और अधिकार देता है। जाति एवं सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर भेदभाव करना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। ऐसी घटनाओं से सामाजिक सद्भाव कमजोर होता है। कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के समानता और सामाजिक न्याय के सपने वाले भारत में भेदभाव एवं छुआछूत के लिए कोई स्थान नहीं है। कांग्रेस का सत्याग्रह संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा, जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष अज़मत काठात, जिला प्रवक्ता एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया, राजेन्द्र ओस्तवाल, नगर अध्यक्ष भरत बाघमार एवं बिरदीचन्द खोरवाल सहित कांग्रेस के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी, PCC सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल डायमंड ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

### महावीर चिकित्सा सेवा संस्थान में ध्वजारोहण, भामाशाहों ने सेवा कार्यों के लिए दिए 71 हजार रुपये

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** महावीर इंटरनेशनल डायमंड की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में महावीर चिकित्सा सेवा संस्थान में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह राजेंद्र कर्णावट तथा विशिष्ट अतिथि ज्ञानचंद बिनायकिया एवं गणपत सिंघल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन एवं महावीर इंटरनेशनल की प्रार्थना के साथ हुआ। अतिथियों का माला, शॉल एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। चेयरमैन वीर सुशील छाजेड़ ने महावीर इंटरनेशनल एवं महावीर चिकित्सा सेवा संस्थान की गतिविधियों, आय-व्यय तथा संस्थान में संचालित विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान को सहयोग देने वाले भामाशाहों, चिकित्सकों एवं नर्सिंग सहायकों का शॉल, माला एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र कर्णावट ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए 21 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। वहीं भामाशाह शांतिलाल लोढ़ा ने 50 हजार रुपये का सहयोग दिया। इस प्रकार सेवा कार्यों के लिए कुल 71 हजार रुपये की सहयोग राशि प्राप्त हुई। अतिथि इंदरमल खींचा एवं संरक्षक वीर सुरेश रांका ने संस्था के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए भामाशाहों से सहयोग की अपील की। अंत में सचिव आशीष डोसी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। समारोह में पूर्व नगर परिषद सभापति शशि बाला सोलंकी, भाजपा नेता इंदरसिंह बागावास, जगदीश राठौड़, जितेंद्र धारीवाल, संजय नाहर, अनिल डोसी, महावीर नाहर, राजू सेठिया, जानवी भारवानी सहित महावीर इंटरनेशनल डायमंड के वीर-वीरा सदस्य, चिकित्सा संस्थान की कार्यकारिणी सदस्य एवं भामाशाह मौजूद रहे।



## समय जो गुजर चुका है पुनः लौटकर नही आता है : साध्वी श्री प्रतिभा श्री जी

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ शहर के उपनगरीय क्षेत्र सेन्थी स्थित शांति भवन मे चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला में रविवार को जैन सिद्धान्ताचार्य साध्वी श्री प्रतिभा श्री म.सा. ने समय जो गुजर चुका है पुनः लौटकर नही आता है स्वयं जागो एवं दूसरो को जगाकर धर्म दलाली करो। जीवन एक अनमोल नीधी है उसका पूरा सदुपयोग धर्म आराधना मे करो जिस से आत्मा का कल्याण होगा। पर प्रवचन देते हुए उपस्थित सैकड़ो श्रावक श्राविकाओं को लाभान्वित किया।प्रेरणा श्री जी म.सा. ने अपने प्रवचन में फरमाया कि समय बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है आपको अच्छे कर्मो द्वारा अपने जीवन को संवारना है समय गुजरने पर पछतावा ही शेष रहेगा। लाइट आने के पूर्व दिपक जलाया जाता था किन्तु दिपक तले हमेशा अन्धेरा ही रहता है। आज दिपक का स्थान बल्ब, बल्ब का स्थान ट्यूब लाइट एवं एल ई डी ने ले लिया है किन्तु हम एक ही जगह दिपक की तरह खड़े है। अर्थात् दिपक तले अंधेरा। आप अपना स्वयं का परिचय दे रहे हो आत्मा का साक्षात्कार नही करवा रहे हो। आत्मा का साक्षात्कार करवाइए। महत्व दीपक का नही अपितु बाति का है वैसे मनुष्य जीवन मे महत्व शरीर का नही अपितु आत्मा का है। आत्मकल्याण हेतु आध्यात्मिकता के रंग मे रंग जाइए। आत्मा को जानने वाला सबको जान लेता है। आत्मा का जानना जरूरी है। पैसो का नहीं आत्मा का हिसाब रखिए। साध्वी श्री प्रेक्षा श्री जी ने फरमाया की जीनवाणी द्वारा ही आत्मकल्याण सम्भव है। यह चार शब्द आप हमेशा बोलते है - कुछ ' कुछ कुछ ' बहुत कुछ ' व सब कुछ । हम प्रायः कहते है कुछ मीलता है ' कुछ कुछ मिलता है ' बहुत कुछ मिलता है किन्तु सब कुछ नही मिलता है। संसार मे रहकर कुछ पुरुषार्थ करे तो कुछ मिलता है। सब कुछ कभी नही मिलता है। इस धरा मे ऐसा कोई नही है जिसके पास सब कुछ हो। सब कुछ प्राप्त करने के लिए हिम्मत व हौंसला चाहिए। प्रवचन में स्थानीय सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे, बाहर से आये महमानों का श्रीसंघ सेन्थी में अभिनन्दन किया।



## देशभक्ति के रंग में रंगा सनशाइन, 75 से अधिक परिवारों ने मिलकर मनाया आजादी का जश्न



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** जैन सोशल ग्रुप सनशाइन की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'देशभक्ति के रंग - Sunshine के संग' थीम पर वर्धमान कॉलेज के ऑडिटोरियम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, कला और पारिवारिक सहभागिता का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्यों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रुप डांस प्रतियोगिता, 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों, देशभक्ति गीतों और जोशीले ग्रुप डांस ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। आयोजन में 75 से अधिक परिवारों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में सदस्यों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम में जोन कोऑर्डिनेटर मनीष मेहता, पूर्व अध्यक्ष पंकज डेडिया, अरुण रूणीवाल, विक्रम सांखला, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र बोहरा, पीआरओ अमित गोधा, मोहित जैन, प्रतीक खटोड़, हीरेन भंडारी, दीक्षित रांका, हिमांशु बोहरा, प्रणीत तातेड़, रंजना बाबेल, प्रमिला मेहता, पूजा कुमठ, अनिता पगारिया, अनिता कांस्टिया, निशा भंडारी, नेहा तातेड़, निक्की खटोड़, मीनाक्षी पगारिया, हेमा बरडिया, प्रियंका कुंकुलोल, स्तुति गादिया, ममता गोलेच्छा, गौतम बाबेल, राहुल पगारिया और रुचित गादिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। जैन सोशल ग्रुप सनशाइन के अध्यक्ष राहुल ओस्तवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मनोरंजन के साथ परिवारों को एकजुट करना और नई पीढ़ी में देशभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना था। सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन ने संदेश दिया कि परिवार, संस्कृति और देशभक्ति के संगम से हर उत्सव यादगार बन जाता है।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर ब्यावर में शहीदों और विस्थापितों को किया नमन

### कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और विधायक शंकर सिंह रावत के सानिध्य में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** देश के विभाजन के दौरान अपनी मातृभूमि से विस्थापित हुए लाखों लोगों की पीड़ा, संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए ब्यावर के सेंदड़ा रोड स्थित अशोक पैलेस में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। विधायक शंकर सिंह रावत के सानिध्य में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं शहरवासियों ने विभाजन के पीड़ितों और बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि वर्ष 1947 का विभाजन केवल देश के भूगोल का बंटवारा नहीं था, बल्कि यह करोड़ों परिवारों की पीड़ा, विस्थापन और अनगिनत बलिदानों की त्रासदी थी। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को विभाजन के इस काले अध्याय से अवगत कराना और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। वक्ताओं ने कहा कि इतिहास की त्रासद घटनाओं से सीख लेते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विभाजन के दौरान अपना सब कुछ खोने वाले परिवारों तथा प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को नमन किया।




**ये रहे मौजूद**

समारोह में निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया, निवर्तमान प्रधान गणपत सिंह चौहान सहित भाजपा के प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, शहरी एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं शहरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन संयोजक वीरेन्द्र सिंह रावत ने किया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने मौन रखकर विभाजन के पीड़ितों एवं बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नवचयनित अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

### अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय समारोह आयोजित, विधायक शंकर सिंह रावत सहित अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार रविवार को ब्यावर के अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न विभागों में नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही अभ्यर्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह नजर आया। अलवर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का सीधा प्रसारण ब्यावर के अंबेडकर भवन में किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिला स्तरीय समारोह में विधायक शंकर सिंह रावत ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर जिला कलक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शंकर लाल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी व्यक्त की और नई जिम्मेदारी के प्रति उत्साह जताया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई देते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



# पचपहाड में भगवान शिव की भव्य शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई...

स्मार्ट हलचल

**/रणवीर सिंह चौहान भवानीमंडी** पचपहाड़ कस्बे मै पिपलाद नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री नीलकंठ महादेव मंदिर शिवालय से भव्य शाही सवारी बड़े धूमधाम से निकाली गयी शाही सवारी दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होकर ढ़ोल धमाके डीजे बेंड तासे डमरू के साथ सवारी शिवालय से शीतला माता मार्ग, कुम्हार मोहल्ला, खारी कुइया, तहसील मार्ग, भेसोदा दरवाजा, गणेश चौक, श्री राम मंदिर के यहाँ हरिहर मिलन हुआ पुनः शिवालय पहुंच कर महाआरती के पश्चात महाप्रशादी का वितरण किया गया शाही सवारी मै शिव अघोरी टीम उज्जैन से, शिवपार्वती, बड़े नंदीजी, राधेकृष्णा, सजी धजी बगियों मै एवं काली माता, नंदी जी नृत्य एवं अन्य झाकिया प्रस्तुत रही पुजारी दीपक जोशी ने बताया की प्रतिवर्ष सावन मास मै तीसरे रविवार को पचपहाड़ नगर मै शाही सवारी निकाली जाती है रविवार के दिन स्कूली बच्चों, सरकारी कार्यालयों के अवकाश को देखते हुए यह परम्परा शुरू की गयी शाही सवारी दोपहर 1 बजे महाआरती के पश्चात् शुरू हुई जिसमे डॉ जे. के. अरोड़ा, राजेश नाहर, प्रदीप जैन, गिरीश सोमानी, सुरेश जैन, सुनिश दीक्षित, एवं शिवालय मंदिर के शाही सवारी कार्यकर्त्ता पंडित लक्ष्मीनारायण जी, बने सिंह गुजर ( वीर गुजर समाज अध्यक्ष ),शिवालय पुजारी दीपक जोशी,राहूल भटनागर, रवि बना, चेतन जोशी, हरिओम व्यास, रितिक लक्शकार, रितिक जैन, नीरज बाथरा, धनराज सिह, शुभम बैरागी, कमलेश गुजर, स्वतंत्र पांडे, व अन्य नगर वासी सभी भक्त जन सम्मिलित रहे



### लाखो साजिशों के बाद भी खरा सोना साबित हुई नंदिनी

# नंदिनी के खिलाफ लगे सारे आरोप जांच में निराधार, पुलिस ने पेश की फाइनल रिपोर्ट

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। सत्यमेवेश्वरो लोके सत्ये धर्मः सदाश्रितः।सत्यमूलीनि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम् अतार्थ इस संसार में सत्य ही ईश्वर है। सत्य में ही धर्म आश्रित है। सभी चीजें सत्य पर टिकी हैं और सत्य से बढ़कर कोई पद या स्थान नहीं है। यह साबित करता है कि सत्य के आगे झूट टिक नही सकता और सही भी कहा है कि झूट के पांव नही होते, ओर यह तब सही साबित हुआ है जब चित्तौड़गढ़ में एक आश्रम संचालिका पर लाख साजिशों के बाद भी व जांच में कांच की भांति शत प्रतिशत सही साबित हुई। कालिका नगर पुष्पा विहार स्थित खुशहाल वृद्ध आश्रम से जुड़े एक मामले में आश्रम की संचालिका/प्रबंधन से जुड़ी नंदिनी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच पूरी हो गई है। जांच के बाद पुलिस द्वारा न्यायालय में फाइनल रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। पुलिस जांच के दौरान मामले से जुड़े दस्तावेजों, बयानों एवं उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की गई। जांच के निष्कर्ष में नंदिनी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई तथा आरोपों को निराधार पाया गया। पुलिस द्वारा प्रस्तुत फाइनल रिपोर्ट(फाइनल रिपोर्ट-10/26)में पूरे प्रकरण के पीछे साजिश का पहलू सामने आने का भी उल्लेख किया गया है। जिन आरोपों से छवि खराब की गई नंदिनी और उसके परिवार को मानसिक आघात पहुंचाया लेकिन नंदिनी ने सत्य और स्वाभिमान पर समझोता नहीं किया उल्लेखनीय है कि खुशहाल वृध्द आश्रम के माध्यम से नंदिनी लंबे समय से बुजुर्गों की सेवा एवं देखभाल से जुड़ी हुई हैं। आश्रम में जरूरतमंद एवं बेसहारा बुजुर्गों को रहने, भोजन, चिकित्सा एवं देखभाल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। आश्रम को सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर सम्मान एवं सहयोग भी प्राप्त हुआ है। मामले में लगाए गए आरोपों के बाद नंदिनी और खुशहाल वृद्ध आश्रम की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं हुई थीं। अब पुलिस जांच पूरी होने के बाद फाइनल रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि नहीं होने से मामले को लेकर महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। इस पूरे मामले पर नंदिनी का कहना है कि उन्होंने पूरे मामले में जांच एजेंसियों एवं कानून पर विश्वास बनाए रखा और अब उनका उद्देश्य केवल इतना है कि जांच में सामने आए तथ्य भी उसी तरह समाज तक पहुंचें, जिस तरह मामले से जुड़े आरोप लोगों तक पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि खुशहाल वृद्ध आश्रम का उद्देश्य निराश्रित बुजुर्गों की सेवा और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है और वह आगे भी इसी उद्देश्य और हौसले के साथ कार्य करती रहेंगी क्योकि इन परिस्थितियो ने उन्हें और मजबूत बना दिया हे बुजुर्गों की सेवा के प्रति वह पहले की तरह आगे भी हमेशा समर्पित रहेगी।



## विद्युत विभाग के सहायक लेखाधिकारी खेमराज गुप्ता को जयपुर में मिला सम्मान

स्मार्ट हलचल /रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी

**जयपुर** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड भवानीमंडी के असिस्टेंट अकाउंट्स ऑफिसर खेमराज गुप्ता को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर डिस्कॉम स्तर पर जयपुर में सम्मानित किया गया। मेड़तवाल समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि ओल्ड पावर हाउस, बनी पार्क, जयपुर में आयोजित जेवीवीएनएल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सहायक अभियंता कार्यालय भवानीमंडी के सहायक लेखाधिकारी खेमराज गुप्ता को जयपुर विद्युत वितरण निगम की चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा (IAS) के द्वारा लेखा संवर्ग में उत्कृष्ट कार्यो के लिए जयपुर डिस्कॉम स्तर पर सम्मानित किया गया। इस समारोह में राजस्थान के जयपुर डिस्काम क्षेत्र के लगभग 17 जिलों के कुल 10 उत्कृष्ट लेखा अधिकारियों को डिस्काम स्तर पर सम्मानित किया गया है जिसमें झालावाड़ जिले से अकेले खेमराज गुप्ता को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि इससे पहले भी खेमराज गुप्ता को 26 जनवरी 2018 गणतंत्र दिवस पर डिस्काम स्तर पर जयपुर में सम्मानित किया जा चुका है। मेड़तवाल समाज अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष गोविंद गुप्ता एवं ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव बालचंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मांगीलाल गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मंगला गुप्ता, मेघा गुप्ता एवं दिलीप गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष कामाक्षी गुप्ता एवं नवयुवक संघ अध्यक्ष जयेश गुप्ता आदि ने खेमराज गुप्ता के इस सम्मान पर बधाई दी



## मीरा शाखा ने निकाली तिरंगा यात्रा, मांडवी स्कूल में किया ध्वजारोहण

स्मार्ट हलचल/ रणवीर सिंह चौहान

**भवानीमंडी** वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा के तहत भारत विकास परिषद मीरा शाखा द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं मांडवी स्कूल में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा की मीडिया प्रभारी रीना ओदीच्य ने बताया कि तिरंगा यात्रा मांडवी स्कूल तक निकाली गई। यात्रा में शामिल 40 बहनों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष लगाए। पूरे मार्ग को देशभक्ति के नारों से गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात मांडवी स्कूल में शाखा अध्यक्ष मालती अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ और स्कूली बच्चों को मिठाई वितरित की गई मांडवी स्कूल की प्रिंसिपल अनसूया तोमर का माला एवं अपर्णा कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष मालती अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है, इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में शाखा संरक्षण मंजू भराड़ीया अध्यक्ष मालती अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश बिरला,सचिव सुनीता त्रिवेदी, सह सचिव गरिमा जैन महिला प्रभारी अंजु जयसवाल सहित शाखा की 40 महिलाएं एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।




## ब्यावर में चुनावी आरक्षण की लॉटरी आज, नगर निकाय व पंचायती राज सीटों का होगा निर्धारण

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** नगरीय निकाय एवं पंचायती राज आम चुनाव-2026 को लेकर ब्यावर जिले में आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया 17 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इस दौरान नगर परिषद ब्यावर सहित विभिन्न नगर पालिकाओं के वार्डों तथा पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्रों के श्रेणीवार आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमल राम मीना ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव के तहत नगर परिषद ब्यावर तथा नगर पालिका जैतारण, विजयनगर, मसूदा एवं रायपुर के वार्डों के पदों एवं सीटों के श्रेणीवार आरक्षण के लिए 17 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे जिला कलक्टर कार्यालय के नवीन वीसी हॉल में लॉटरी प्रक्रिया आयोजित होगी। वहीं पंचायती राज आम चुनाव-2026 के अंतर्गत जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों, प्रधान पदों एवं पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण का श्रेणीवार निर्धारण भी लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया 17 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे कलेक्ट्रेट के नवीन वीसी हॉल में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के जिला पदाधिकारियों एवं अधिकारियों से निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि आरक्षण की पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार पारदर्शी तरीके से संपादित की जाएगी।




## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की संभागीय बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** कोटा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार के निर्देशानुसार कोटा जिला कांग्रेस कार्यालय में अल्पसंख्यक विभाग की संभागीय स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक कोटा शहर जिला अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर अंसारी एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में हुई। बैठक में कोटा संभाग के बूंदी, झालावाड़ और बारां जिलों के प्रभारी, सह प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में संभाग प्रभारी जफर हुसैन टांक, कोटा प्रभारी नवाब खान देव, प्रभारी ऋषि लांबा एवं बूंदी प्रभारी जूलियस क्लेमेंट मौजूद रहे। अतिथियों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ऋषि लांबा ने कहा कि आगामी नगरीय एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी का बोर्ड बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी। उन्होंने अल्पसंख्यक विभाग के समर्पित कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी के पक्ष में मतदान कराने और कांग्रेस का परचम लहराने का आह्वान किया। जफर हुसैन टांक ने कहा कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक वार्डों में पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करें और पार्टी की विचारधारा के अनुरूप संगठन को मजबूत करें। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को जल्द ब्लॉक कार्यकारिणी गठित कर प्रभारियों को भेजने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर अंसारी एवं असरार अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन बूंदी प्रभारी लियाकत अली ने किया।

## 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओ अभियान-2026': जमवारामगढ़ में वृहद वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम संपन्न

# 'पेड़-पौधे मानव जीवन के सुखद भविष्य की सुरक्षा का आधार हैं-सुमन मीणा

स्मार्ट हलचल

**जमवारामगढ़/भरत** देवड़वाल।पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के संकल्प के साथ रविवार को जमवारामगढ़ क्षेत्र में 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओ अभियान-2026' के तहत वृहद वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट, कानड़ियावाला के सहयोग से टीम सुमन मीणा (ञ्रस्रु), जमवारामगढ़ द्वारा किया गया। अभियान के तहत कानड़ियावाला, काली पहाड़ी, राजपुरवास ताला, भुरानपुरा, हरिपुरा, गढ़वाड़ी, बोबाड़ी, अजबपुरा, धुलेर, जयचंदपुरा, लाडिपुरा एवं धोला सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में और आमजन को पौधे वितरित किए गए।



निर्धारित समय पर पौधारोपण किया गया

**'पेड़ लगाना उद्देश्य नहीं, उन्हें बचाना लक्ष्य है '- डॉ हरसहाय मीणा**

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ हर सहाय मीणा ने कहा:**

'प्रकृति ही हमारा वास्तविक जीवन आधार है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित पर्यावरण चाहते हैं तो आज हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के साथ-साथ लगाए गए पौधों की जिम्मेदारीपूर्वक देखभाल का संकल्प लेना होगा। मेरा आह्वान है कि इसे एक दिन का कार्यक्रम न मानकर जन-अभियान बनाएं। प्रत्येक परिवार कम से कम दो पौधे लगाए, एक अपने लिए और दूसरा अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए। पौधा लगाना पहला कदम है, उसे वृक्ष बनाना हमारी वास्तविक जिम्मेदारी है। आइए, मिलकर जमवारामगढ़ को हराभरा बनाएं। '

**'पेड़ हमारे जीवन और भविष्य का आधार '-सुमन मीणा**

श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य मानोता सुमन मीणा ने कहा:

'पेड़ हमारे जीवन, पर्यावरण और भविष्य की सुरक्षा का आधार हैं। महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण परिवारों की भागीदारी के बिना यह अभियान सफल नहीं हो सकता। हमारा संकल्प केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है। प्रत्येक पौधे को परिवार के सदस्य की तरह संरक्षित कर बड़ा करना होगा। आइए संकल्प लें, हर साल दो पेड़ लगाएं, धरती मां का कर्ज चुकाएं।' आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और इसे जन-आंदोलन का रूप दें। इस अवसर पर रंगलाल चावंडिया, मुकेश सीकर, चन्द्रसिंह तहसीलदार, पूर्व सीआई बनवारीलाल भुरानपुरा, पूर्व मैनेजर नरसी मीणा, राजेंद्र सिंह ब्रजपुरा, विनोद सालाडवास, जयराम मानोता, सुभाष लाड़ीपुरा, अमित मीणा, ओम प्रकाश प्रजापत, हीरालाल, राजेश सरजोली, खेमचंद झोल सहित श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी, टीम सुमन मीणा के सैकड़ों कार्यकर्ता, ग्रामीणजन और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर अमृतम सेवा संस्थान की ज्योति यादव सम्मानित



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** 80वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में अमृतम सेवा संस्थान की फाउंडर एवं प्रेसिडेंट ज्योति यादव को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर एवं जिला कलक्टर पीयूष समरिया ने प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्योति यादव के नेतृत्व में अमृतम सेवा संस्थान पिछले पांच वर्षों से कोटा में महिला सदस्यों एवं यादव समाज के सहयोग से निरंतर सामाजिक सेवा कार्य कर रहा है। संस्था की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यालयों को गोद लेकर वहां सुविधाओं के विस्तार में सहयोग किया गया है। गरीब बस्तियों में निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर आयोजित करने के साथ जरूरतमंदों को चिकित्सा संबंधी सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। संस्था द्वारा सर्दी, गर्मी और बारिश में सड़क पर काम करने वाले मजदूरों एवं जरूरतमंदों को कंबल, छाते तथा आवश्यक सामग्री वितरित की जाती है। वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम एवं बाल आश्रम में नियमित रूप से भोजन कराने के साथ जरूरत का सामान उपलब्ध कराया जाता है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी सेवा कार्य किए जाते हैं। संस्था ने निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों की 25 कन्याओं के निशुल्क विवाह करवाना। वर्तमान में कोटा हार्ट अस्पताल गेट के सामने मरीजों के परिजनों एवं गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए प्रतिदिन करीब 100 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# 'माँ तुझे सलाम' थीम पर मनाया स्वतंत्रता दिवस, 84 स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को समर्पित रहा जिला स्तरीय समारोह, प्रसूता महिलाओं और नवजात शिशुओं की माताओं का किया सम्मान







स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। इस बार समारोह की थीम 'माँ तुझे सलाम' रखी गई। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए प्रसूता महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की माताओं का सम्मान किया गया। समारोह में माताओं को उपहार भेंट कर उनके मातृत्व को नमन किया गया तथा उनके एवं नवजात शिशुओं के स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने कहा कि मां और शिशु का स्वस्थ होना स्वस्थ परिवार एवं स्वस्थ समाज की आधारशिला है। सरकार की ओर से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए गर्भावस्था से लेकर प्रसव एवं प्रसव के बाद तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, सुरक्षित संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल तथा बच्चों के समय पर पूर्ण टीकाकरण के लिए आमजन से जागरूक रहने का आह्वान किया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लोकेश कुमावत ने जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। समारोह में जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले 10 चिकित्सक, 24 नर्सिंग ऑफिसर, 5 फार्मासिस्ट, 4 लेखा सहायक, 10 एएनएम, 8 सीएचओ एवं 5 आशा सहयोगिनी सहित कुल 84 कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले सामाजिक संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। 'माँ तुझे सलाम' थीम के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस समारोह में मातृत्व के सम्मान के साथ यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ माताएं और स्वस्थ बच्चे ही मजबूत समाज एवं देश की नींव हैं। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# व्यापार महासंघ ने ध्वजारोहण कर मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

### पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित, राष्ट्र निर्माण में व्यापारी वर्ग की भूमिका को रेखांकित किया...

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़** चित्तौड़गढ़ व्यापार महासंघ संस्थान की ओर से 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी राजेश सेठिया ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष सुनील जागेटिया एवं महामंत्री राजकुमार बज के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम भरत बाग में ध्वजारोहण किया तथा देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील जागेटिया, महामंत्री राजकुमार बज, विजय सिंह मेहता, प्रतीक बोहरा एवं राजेश सेठिया ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और राष्ट्र निर्माण में व्यापारी वर्ग की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष सुनील जागेटिया ने कहा कि आजादी के 80वें वर्ष में हम उन वीर शहीदों को नमन करते हैं, जिनके त्याग और बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और राष्ट्र निर्माण में व्यापारी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। महामंत्री राजकुमार बज ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ व्यापार करेंगे, देश को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देंगे और तिरंगे की शान को हमेशा ऊंचा रखेंगे।

**पूर्व सैनिकों का सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर संरक्षक सुरेश श्रीमाल, नंदलाल बिलोची, विनोद मलकानी, अनिल सेठिया, ओमप्रकाश लढ़ा, सचिव प्रतीक बोहरा, कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी सहित संस्थान की कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोकेंद्र भड़कतिया, ऋषभ डांगी, मुकेश जेथलिया, शरद नामधार, विजय तातेड, मोहम्मद रफीक नागोरी, पिंटू मोदी, गोविंद पटवा, राधेश्याम अग्रवाल, प्रहलाद जागेटिया, प्रहलाद पटवा, अशोक चिपड़, प्रमोद काबरा, राजेंद्र पटवारी, अनिल पटवारी, राजेंद्र नाहटा, राजकुमार वेद, कमलेश सिंघवी, घनश्याम वगानी, ललित वगानी, गुरविंदर खनूजा, इंद्रजीत खनूजा, हरप्रीत सिंह सोनी, अनिल मालू, हरीश गुरु, नानी देवराज तेली, दिनेश गुप्ता, नरोत्तम हेड़ा, महेश दादवानी, मुकेश वेद, लव पोखरना, विपिन चिपड़, विनोद चड़क, रूपेश कलंत्री, मुकेश जाट, मनीष बांगड़, जगदीश जाट, सुरेश श्रीमाल, विनीत भड़कतिया, आशीष कोठारी, आशीष भानावत, शुभम भड़कतिया, मोहित कछारा, विक्की कोहली सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संस्थान के सदस्य मौजूद रहे। संस्था के मीडिया प्रभारी राजेश सेठिया ने बताया कि संस्थान की ओर से शीघ्र ही व्यापारियों के कल्याण के लिए नई योजनाएं शुरू की जाएंगी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। अंत में संस्थान की ओर से उपस्थितजनों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# अविनाश गहलोत माफी मांगें, नहीं तो ब्यावर में दिखाएंगे काले झंडे

### एनएसयूआई ने पुतला फूंककर जताया विरोध, राहुल गांधी पर टिप्पणी को बताया निंदनीय

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राहुल गांधी को लेकर अविनाश गहलोत द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में एनएसयूआई जिला ब्यावर की ओर से जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सांखला के नेतृत्व में चांग गेट स्थित कुमारानंद सर्किल पर अविनाश गहलोत का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। प्रदर्शनकारियों ने अविनाश गहलोत से बयान को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सांखला ने कहा कि राहुल गांधी देश के नेता प्रतिपक्ष हैं और लगातार छात्रों, युवाओं, गरीबों, किसानों एवं मजदूरों के हितों की आवाज उठा रहे हैं। ऐसे में उनके प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अविनाश गहलोत को अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। सांखला ने चेतावनी दी कि यदि अविनाश गहलोत सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो उनके ब्यावर आगमन पर एनएसयूआई जिला ब्यावर द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। प्रदर्शन में खनन विभाग प्रदेश अध्यक्ष आशीष पाल पदावत, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सांखला, ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा, नगर अध्यक्ष भरत बाघमार, जिला प्रवक्ता सोहन मेवाड़ा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र पाल पंवार, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राकेश रॉयल, पप्पू काठात, ऋषि लांबा, महिला पूर्व अध्यक्ष राधिका शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रांका, अजमत काठात, साहिल नागौरी, नरेंद्र काठात, बिरदीचंद खोरवाल, मगन सोलंकी, अजय स्वामी, रवि रिल, भानु सिंह, अमन मंसूरी, शाकिर कुरैशी, जीवराज जावा, मुकेश लखन, मेघराज बोहरा और नारायण मेरेड़ा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप प्रताप ने मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

## भगवती सेवा एवं शिक्षण संस्थान में ध्वजारोहण के साथ बच्चों ने दी देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतिया

स्मार्ट हलचल

**अ चित्तौड़गढ़।** अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप प्रताप, चित्तौड़गढ़ की ओर से भगवती सेवा एवं शिक्षण संस्थान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद संस्थान के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों से वातावरण आनंद और देशप्रेम से भर गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के माता-पिता ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। बच्चों के लिए रेखा गिलुंडिया की ओर से अल्पाहार एवं लड्डू वितरित किए गए। ग्रुप की अध्यक्ष अनीता भड़कतिया ने संस्था की आवश्यकतानुसार हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्थापक विनिता लोढ़ा, आशा पोखरना, मंजू पीतलिया, प्रवीणा सुराणा एवं अंगूरबाला भड़कतिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### चंदेरिया लेड-जिंक स्मेल्टर के जिंक नगर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

## ध्वजारोहण के बाद सुरक्षा जवानों एवं हिन्द जिंक स्कूल के विद्यार्थियों ने दी परेड की सलामी, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**चित्तौड़गढ़।** चंदेरिया लेड-जिंक स्मेल्टर के जिंक नगर स्थित खेल मैदान में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सिक्योरिटी विभाग तथा फायर एवं सेफ्टी विभाग के जवानों और हिन्द जिंक स्कूल के छात्र-छात्राओं की परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई। समारोह को संबोधित करते हुए लोकेशन हेड आलोक रंजन ने कहा कि देश के लिए उत्पादन कर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। कंपनी पर्यावरण एवं सुरक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय मानकों का पालन करते हुए उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले देशभक्तों को नमन करते हुए उनके त्याग और बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आजादी से हासिल की गई गौरवपूर्ण संप्रभुता को बनाए रखते हुए चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स ने उत्पादन एवं उत्पादकता के साथ सुरक्षा, कार्य संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई नवाचार एवं कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इन उपलब्धियों के पीछे पूरी जिंक टीम के सतत प्रयास और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका है। आलोक रंजन ने कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारियों का उल्लेख करते हुए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी सामाजिक विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि यूनियन के महामंत्री घनश्याम सिंह राणावत ने भी संबोधित किया।

# मंडावर क्षेत्र में युवक की हत्या का मामला दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

स्मार्ट हलचल/नीरज मीणा

**मंडावर।** मंडावर थाना क्षेत्र में एक युवक की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से थाना मंडावर में रिपोर्ट पेश की गई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। दस्तावेज में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, परिवादी पक्ष ने आरोप लगाया है कि राहुल मीणा नामक युवक के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और घायल राहुल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर मृतक पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस रिकॉर्ड में प्रकरण को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) के तहत दर्ज किया गया है। दस्तावेज के अनुसार, मामले की जांच के लिए निरीक्षक प्रवीण कुमार मीणा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा घटना के कारणों, आरोपों की सत्यता और इसमें शामिल व्यक्तियों की भूमिका को लेकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा-मांगरोल प्लांट में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां, कर्मचारियों के योगदान को सराहा

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा/मांगरोल, स्मार्ट हलचल।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा-मांगरोल प्लांट परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। दोनों इकाइयों में समारोह यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। निंबाहेड़ा प्लांट में यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद एल.के. सिंघानिया एजुकेशन सेंटर के बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि मनीष तोषनीवाल ने परेड की सलामी ली। समारोह को संबोधित करते हुए यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने कहा कि नया भारत सभी को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। देश ने विश्व शक्ति बनने की दिशा में निरंतर प्रगति एवं उन्नति की है और आज भारत विश्व में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ नई दक्षताएं विकसित करें, निरंतर आगे बढ़ें और देश की प्रगति में भागीदार बनें। समारोह के दौरान स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कर्मचारियों के बच्चों ने भी विभिन्न देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर टेक्निकल हेड राजेश सोनी, कमर्शियल हेड मनोज सोनी, सुरक्षा प्रमुख अंकुर महाराज सिंह, इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन हेड मोहम्मद करीम, मैकेनिकल हेड शांतिलाल जैन, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी हेड मुकेश वासवानी, क्वालिटी कंट्रोल से धनंजय साहू, सिविल हेड रंजीत गंगोपाध्याय, आईआर हेड रानू नायक तथा मानव संसाधन टीम से मोहसिन खान एवं जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



**मांगरोल प्लांट में भी हुआ भव्य आयोजन**

जे.के. सीमेंट मांगरोल प्लांट में स्वतंत्रता दिवस समारोह टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लड्ढा के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए देश की प्रगति और जे.के. सीमेंट की निरंतर वृद्धि में कर्मचारियों के अमूल्य योगदान एवं परिश्रम की सराहना की। मुख्य अतिथि मुरली मनोहर लड्ढा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प में जे.के. सीमेंट मांगरोल प्लांट नवाचार, सतत विकास और अपनी उत्कृष्ट टीम की कार्यकुशलता के बल पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। समारोह के दौरान संस्थान की उन्नति में कर्मचारियों के योगदान को विशेष रूप से सराहा गया। कंपनी के अधिकारियों, विभिन्न विभागों की टीमों एवं कर्मचारियों ने जे.के. सीमेंट की प्रगति, व्यावसायिक सफलता और राष्ट्र निर्माण की गौरवशाली यात्रा में अपनी पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर तकनीकी विभागों से विभागाध्यक्ष दीपक सोनी, किशोर शर्मा, जगन्नाथ अड़की, विशाल लड्ढा, चंचल राजपूत, सुरेंद्र जोशी, विकेश जैन, अरविंद दास, सुयश द्विवेदी, पंकज बाबेल एवं कमल सनाढ्य मौजूद रहे। सेफ्टी विभाग से मुकेश कुमार सिंह, एचआर विभाग से वरिष्ठ प्रबंधक भुवनेश सिंह, संदीप चौधरी एवं रामरतन नायक तथा सुरक्षा विभाग से सिक्योरिटी हेड अनुज सिंह, शिवपाल सिंह एवं रण सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रमिक संघ अध्यक्ष सत्यनारायण मेनारिया एवं महामंत्री धर्मपुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं श्रमिक साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गीतिका शेखावत, कुमारी लकी सिंह एवं देवेन मारोड़िया ने किया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष सांड आज करेंगे यात्रा प्रवास, जैतारण में होगी संगठनात्मक बैठक

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष सांड आज विभिन्न क्षेत्रों का यात्रा प्रवास करेंगे। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आशीष सांड सुबह 9 बजे बिजयनगर बस स्टैंड से प्रस्थान करेंगे। इसके बाद 10:30 बजे सेंदड़ा, 11:15 बजे बर, 11:30 बजे निमाज तथा दोपहर 12 बजे जैतारण पहुंचेंगे। जैतारण में संगठनात्मक बैठक आयोजित होगी, जिसमें कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ संगठन को मजबूत करने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यात्रा प्रवास के दौरान जिला अध्यक्ष कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर आगामी पार्टी कार्यक्रमों की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर चर्चा करेंगे। इस प्रवास को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।





# शिवलिंग पूजन में रखें ध्यान


परमात्मा रूपी शिवलिंग की प्रत्येक व्यक्ति को पूजन आराधना करनी ही चाहिए। शिवलिंग को विधिपूर्वक स्नान करवाकर, उस स्नान वाले जल का तीन बार जो भी व्यक्ति आचमन करता है उसके तीनों अर्थात शारीरिक, मानसिक तथा वाचिक पाप तत्काल नष्ट हो जाते हैं। शिवलिंग मिट्टी का, पत्थर का, स्वर्ण का, रजत का तथा पारे आदि का बनवाकर प्राय: पूजन किया जाता है। विविध कामनाओं की पूर्ति करने के लिए विविध सामग्रियों से शिवलिंग बनाकर पूजने की विशेषता यहां बताई जा रही है -

- पारे का शिवलिंग बनाकर पूजन करने से महाऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।
- स्वर्ण की धातु से बनाए शिवलिंग की यदि पूजा-अर्चना की जाए तो महामुक्ति प्राप्त होती है।
- अष्टधातु से शिवलिंग का निर्माण करके यदि पूजा जाए तो सर्वसिद्धियों की प्राप्ति होती है।
- रजत से बनाए गए शिवलिंग की पूजा-अर्चना करने से महाविभूति की प्राप्ति होती है।
- नमक से यदि शिवलिंग बनाकर पूजन-अर्चना की जाए तो सुख सौभाग्य की प्राप्ति होती है।
- मिट्टी से बनाए गए शिवलिंग की पूजा करने पर समस्त कार्य सिद्धि होती है।
- भस्म से निर्मित किए गए शिवलिंग की पूजा की जाए तो सभी फल प्राप्त होते हैं।
- कस्तूरी से बनाए गए शिवलिंग की पूजा करने पर पूजा करने वाला शिव सा पूज्य पाता है।
- धान्य से बनाए गए शिवलिंग की पूजा की जाए तो स्त्री धन तथा पुत्र की प्राप्ति होती है।
- पुष्पों का शिवलिंग बनाकर पूजन-अर्चन करने से भूमि का लाभ प्राप्त होता है।
- मिश्री का शिवलिंग निर्मित करके पूजन-अर्चन किया जाए तो रोगों का नाश होकर आरोग्य की प्राप्ति होती है।
- बांस के वृक्ष पर निकले हुए अंकुरों से यदि शिवलिंग बनाकर पूजन किया जाए तो वंश-वृद्धि होती है।
- फलों से बनाए गए शिवलिंग की पूजा करने पर शुभा-शुभ की प्राप्ति होती है।
- आंवले के फल से शिवलिंग बना कर पूजन करने पर मुक्ति की प्राप्ति होती है।
- मक्खन से शिवलिंग बनाकर पूजन-अर्चन करने पर यश, कीर्त तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।
- दोनों हाथों से लिंग मुद्रा बनाकर उसकी शिवलिंग की भांति पूजा की जाए तो हाथों में बरकत आ जाती है।
- गुड़ का शिवलिंग बनाकर पूजन-अर्चन करने पर महावशीकरण की प्राप्ति होती है।
- लहसुनियां पत्थर का शिवलिंग बनाकर पूजन करने पर शत्रुओं को पग-पग पर विघ्न तथा मान हानि प्राप्त होती है।
- अष्टलोह के शिवलिंग को बनाकर पूजन करने पर कुष्ठ रोग का नाश हो जाता है।
- मोती का बनाया हुआ शिवलिंग पूजन करने पर सौभाग्य में चार चांद लगाता है।

इस पूजन में सावधानी यही रखनी होगी कि ठोस पदार्थ अर्थात शिला, रत्न तथा धातु द्वारा निर्मित किए गए शिवलिंग की पूजा-अर्चना तो सदैव एक ही शिवलिंग पर की जा सकती है परंतु दूसरी विभिन्न सामग्री से बनाए गए शिवलिंग को प्रत्येक पूजन की समाप्ति पर संहार मुद्रा द्वारा विसर्जन कर देना होगा अन्यथा अप्रत्यक्ष हानि की भी संभावना है। माना जाता है कि मिट्टी आदि के बनाए शिवलिंग में जितनी बार भी मिट्टी टूटकर गिरेगी, साधक हो या पूजक को उतने ही करोड़ वर्षों तक नरक की अग्नि में झुलसना होगा, अत- अन्य सामग्री द्वारा निर्मित शिवलिंग का विसर्जन, पूजन कार्य की समाप्ति पर कर देना चाहिए।

## सावन के मंगलवार करें ये उपाय
### हर संकट से पार लगाएंगे बजरंगबली

सावन के महीने में किया गया हनुमान पूजन शीघ्र फलदाई होता है। पंचांग के अनुसार श्रवण हिंदू वर्ष का पांचवा महीना है और शिव भक्ति का ही विशेष काल है। श्रावण मास हिन्दू सनातन परंपराओं के अनुसार मनुष्य जीवन के चार संयम की अहमियत बताने वाला महीना है। हनुमान जी एकादश रुद्र अवतार हैं अर्थात वे भगवान शंकर के ग्यारहवें अवतार माने जाते हैं। एकादश रुद्र अवतार का चरित्र भी संयम, शौर्य, पराक्रम, बुद्धि, बल, पवित्रता, संकल्प शक्तियों के बूते जीवन को कष्ट, बाधाओं व संकटों से दूर रखने की प्रेरणा देता है।



सावन के 5 मंगलवार शाम 5 बजे के बाद हनुमान जी के सामने चमेली के तेल का एक दीपक अर्पित करें। आपकी हर मुराद होगी पूरी।

हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए एक साबुत पान का पत्ता लेकर उस पर थोड़ा सा गुड़ और चना रख कर भोग लगाएं।

बजरंगबली से धन का आशीर्वाद चाहते हैं तो उन्हें अपने हाथों से गुलाब के फूलों की माला बनाकर चढ़ाएं। फिर आसन बिछाकर बैठकर तुलसी की माला से इस मंत्र का जप करें -

**मंत्र- राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे।**
**सहस्त्र नाम तत्तुन्यं राम नाम वरानने।।**

अब हनुमान जी की माला में से एक फूल तोड़ कर घर ले आएं। पीछे मुड़कर न देखें। घर आ कर उसे लाल कपड़े में लपेटकर अपने धन रखने के स्थान पर रखें।



## सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ
# भगवान शिव यहां साक्षात विराजमान हैं



गुजरात के सौराष्ट्र में भगवान सोमनाथ का ऐतिहासिक मंदिर है। भारत भूमि पर भगवान शंकर के 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं, उनमें सोमनाथ को सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में जाना जाता है। कहते हैं इसका निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था। यह मंदिर प्रभास क्षेत्र में स्थित है। कहते हैं भगवान शंकर के वर से चन्द्र की नष्ट हुई प्रभा पुन- प्राप्त हुई, इसीलिए इस क्षेत्र का नाम प्रभास पड़ा। यह मंदिर अत्यंत भव्य और वैभवशाली है। इतिहासकार बताते हैं कि पहली बार महमूद गजनी ने इसे लूटा। इसके बाद यह कई बार टूटा फिर इसका जीर्णोद्वार हुआ। सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयत्न से मौजूदा मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। 1951 में राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के हाथों नए मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। सोमनाथ मंदिर दुनिया भर में प्रसिद्ध है। मंदिर प्रांगण में शाम 7.30 बजे से 8.30 बजे तक लाइट एंड साऊंड शो में मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता है। मंदिर के दक्षिण में समुद्र के किनारे स्तम्भ है, उसके ऊपर तीर से दर्शाया गया है कि सोमनाथ मंदिर और पृथ्वी के दक्षिणी ध्रुव के मध्य कोई भू-भाग नहीं है।

शाप का निवारण - मंदिर के संबंध में किंवदंती है कि सोम अर्थात चन्द्र ने राजा दक्ष प्रजापति की 27 कन्याओं से विवाह किया था। रोहिणी नाम की पत्नी से उनका विशेष अनुराग था। शेष 26 पत्नियों के साथ उनका वियोग रहता था। इन 26 बहनों ने मिलकर पिता से शिकायत की। दक्ष प्रजापति ने कई बार चन्द्र को समझाया परंतु उन पर कोई असर नहीं पड़ा। अंत में राजा दक्ष ने चन्द्र को शाप दे दिया कि अब से हर दिन तुम्हारा तेज क्षीण होता जाएगा। चन्द्र का तेज कम होने लगा। पृथ्वी पर त्राहि-त्राहि मच गई। चंद्र और इंद्र सहित सभी देवता ब्रह्मा जी के पास गए। ब्रह्मा जी ने चन्द्र को प्रभास क्षेत्र में विधिपूर्वक मृत्युंजय मंत्र का जप, तप और शिव आराधना करने की सलाह दी। चंद्रदेव ने वैसा ही किया। भोलेनाथ ने प्रसन्न होकर शाप का निवारण किया, साथ ही यह भी कहा कि एक पक्ष में तुम्हारा तेज क्षीण होगा तो दूसरे पक्ष में बढ़ेगा। पूर्णिमा के दिन पूर्ण तेज होगा। चंद्र ने भगवान शिव का वहीं स्थापन कर सोमनाथ नाम दिया। मंदिर इतना भव्य है कि ऐसा लगता है भगवान शिव यहां साक्षात विराजमान हैं।

श्राद्ध भी होता है यहां

'प्रभास' में पूर्वजों का श्राद्ध भी होता है, जो किसी महीने में हो सकता है। चैत्र, भाद्रपद और कार्तिक महीने में श्राद्ध करना श्रेयस्कर होता है। समुद्र तट पर होने के कारण यहां गर्मी में शीतलता रहती है। सोमनाथ मंदिर से 6 किलोमीटर की दूरी पर भालुका तीर्थ है। मान्यता है कि भगवान श्री कृष्ण यहां विश्राम कर रहे थे, तभी एक शिकारी ने उनके पैर के तलवे में पद्मचिन्ह को हिरण की आंख समझ कर धोखे से तीर मारा, तभी भगवान श्री कृष्ण ने देह त्याग कर वैकुंठ गमन किया।

यहां तीन नदियों- हिरण, कपिला और सरस्वती का संगम भी है। इसके अतिरिक्त वाणेश्वर, भालुकातीर्थ, द्वारकानाथ मन्दिर, सूर्य मंदिर, हिंगलाज गुफा, गीता मंदिर आदि प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। यहां से 200 कि.मी. की दूरी पर द्वारका धाम है। यहां से 69 कि.मी. की दूरी पर 1424 कि.मी. में फैला गिर वन्यजीव अभ्यारण्य है और शेरों के लिए मशहूर है। पर्यटक गार्ड के साथ खुली जीप में बैठकर शेरों को करीब से देखने की लालसा में जाते हैं।



# गरुड़ पुराण से जानें
## कैसे होगी आपकी मौत

मृत्युलोक पर जो जन पैदा होता है, उसे इसे छोड़ कर एक दिन जाना पड़ता है। वैष्णव ग्रंथ गरूड़ पुराण दो भागों में विभाजित है। पहले भाग में विष्णु भक्ति का वर्णन है और दूसरे भाग में प्रेत कल्प से लेकर नरक तक का संपूर्ण वृतांत है। जब किसी हिंदू की मृत्यु हो जाती है, उसके बाद गरूड़ पुराण को पढ़ने का विधान है। बहुत सारे लोगों में ये गलत धारणा है की इस ग्रंथ को केवल मृत्यु के बाद पढ़ा जाता है लेकिन ऐसा नहीं है। जीवनकाल में इस ग्रंथ को पढ़ने से पाप-पुण्य, नरक-स्वर्ग का ज्ञान पूर्ण रूप से प्राप्त होता है। इस पुराण से जाना जा सकता है की कैसे होती है किसी भी व्यक्ति की मौत।


गरुड़ पुराण के अनुसार जब किसी प्राणी की मृत्यु का समय पास आता है तो यमराज के दो दूत मरन अवस्था में पड़े प्राणी के पास आ जाते हैं। पापी मनुष्य को यम के दूतों से भय लगता है। जिन लोगों ने जीवन भर अच्छे कर्म किए होते हैं उन्हें मरने के समय अपने सामने दिव्य प्रकाश दिखता है और उन्हें मृत्यु से भय नहीं लगता। सत्यवादी, आस्तिक, किसी का दिल न दुखाने वाले, धर्म के पथ पर चलने वाले लोगों की मृत्यु सुखद होती है। जो दूसरों में गलत धारणाएं फैलाकर उन्हें गलत पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं, वह अंत समय में दर्द भरी मृत्यु प्राप्त करते हैं। संसार की कोई भी चीज अंत समय में साथ जाने वाली नहीं है। जब जीवन में प्रकाश सब ओर से लुप्त हो जाए और अंधकार में इन्सान को कुछ न सूझे तो उस समय आत्मा की ज्योति सर्वोपरि होती है।

हमारी आत्मा हमें विपत्तियों में, तनाव में, पथरीले मार्ग पर व हर मोड़ पर सदैव सच्चा रास्ता दिखाने को तत्पर रहती है। आत्मा जैसा निश्चल, स्वच्छ, शुभ्र प्रकाश इस पृथ्वी में अन्य कहीं भी विद्यमान नहीं है। जब आत्मा का स्वरूप समझ में आ जाएगा तो जीवन की सभी पहेलियां सुलझ जाएंगी। आत्मा कभी भी मरती नहीं है, लेकिन जब तक आप आत्मभाव में नहीं आ जाते, आपको मृत्यु का डर बना रहेगा। जब मृत्यु के बारे में सभी तथ्य पता चल जाएंगे, तो मृत्यु का डर गायब हो जाएगा।

## बहुत चमत्कारी है
# ये मामूली बांसुरी

वैसे तो कई तरह की बांसुरियां होती हैं, जो अलग-अलग असर दिखाती हैं लेकिन बांस से बनी बांसुरी और चांदी की बांसुरी विशेष असर दिखाने वाली और कमाल की होती है।

- चांदी की बांसुरी अगर आपके घर में होगी तो उस घर में पैसों से जूड़ी कोई परेशानी नहीं होगी।
- सोने की बांसुरी घर में रखने से उस घर में लक्ष्मी रहने लग जाती है और ऐसे घर में पैसा ही पैसा होता है।
- बांस के पौधे से बनी होने के कारण लकड़ी की बांसुरी शीघ्र उन्नतिदायक प्रभाव देती है अत- जिन व्यक्तियों को जीवन में पर्याप्त सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही हो, अथवा शिक्षा, व्यवसाय या नौकरी में बाधा आ रही हो, तो उन्हें अपने बैडरूम के दरवाजे पर दो बांसुरियों को लगाना चाहिए।
- यदि घर में अत्यधिक वास्तु दोष है या दो से अधिक दरवाजे एक सीध में हैं तो घर के मुख्यद्वार के ऊपर दो बांसुरी लगाने से लाभ मिलता है तथा वास्तु दोष भी धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है।
- घर का कोई सदस्य अगर बहुत दिनों से बीमार हो, अकाल मृत्यु का डर या अन्य कोई स्वास्थ्य से सम्बन्धित बड़ी समस्या चल रही हो तो प्रत्येक कमरे के बाहर और बीमार व्यक्ति के सिरहाने पर बांसुरी रखनी चाहिए। इससे बहुत जल्दी असर होने लगेगा।
- चांदी या बांस से बनी बांसुरी के बारे में एक जबरदस्त कमाल की बात ये है कि जब ऐसी बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है, तो बुरी आत्माएं दूर हो जाती हैं और जब इसे बजाया जाता है तो ऐसी मान्यता है कि घर में शुभ चुम्बकीय प्रवाह का प्रवेश होता है।



## कोलंबिया भूकंप : मलबे से निकली उम्मीद, फिर मौत की आगोश में

कोलंबिया (एजेंसी)। कोलंबिया में सोमवार को आए 7.4 तीव्रता के भीषण भूकंप ने अब तक 290 से अधिक लोगों की जान ली है, जबकि करीब 4,000 घायल हुए हैं। सैकड़ों लोग लापता हैं, और बचावकर्मी लगातार उनकी तलाश में जुटे हैं। इस भीषण त्रासदी के बीच, 32 वर्षीय डेनिएला लार्गो की कहानी ने पूरे देश को एक पल की उम्मीद दी थी। मलबे में करीब 37 घंटे तक फंसी रहने के बाद, उन्हें परेरा शहर में सुरक्षित बाहर निकाला गया था। उनके सकुशल निकलने पर लोगों ने तालियां बजाकर खुशी जाहिर की थी, और वे कोलंबिया के लिए एक उम्मीद की किरण बनी थीं। हालांकि, यह खुशी अल्पकालिक साबित हुई। शुक्रवार (14 अगस्त) को गंभीर चोटों के कारण डेनिएला का निधन हो गया। वे अपने पीछे एक 12 वर्षीय बेटा छोड़ गई हैं। उनकी मां ने बताया, मैं बस यही चाहती हूं कि यह सब जल्द खत्म हो जाए। डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के अनुसार, अभी भी 320 से अधिक लापता लोगों की तलाश जारी है। भूकंप से 86 इमारतें पूरी तरह ढह गईं, जबकि 1500 से ज्यादा घरों, 18 स्वास्थ्य केंद्रों और 52 स्कूलों को नुकसान पहुंचा है। देशभर में सात हवाई अड्डों पर परिचालन रोक दिया गया है और पांच शहरों में रेड अलर्ट जारी है। राष्ट्रपति ने राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी के लिए आपातकालीन समिति की बैठक बुलाई है।

## करीबा झील में नाव डूबी, 72 की मौत, 18 बच्चे भी शामिल

हरारे (एजेंसी)। जिम्बाब्वे की करीबा झील में हुए नौका हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72 हुई है, जिसमें हाल ही में 26 और शव बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 18 बच्चे भी शामिल हैं। तेज लहरों के कारण यह पुरानी नौका पलट गई थी। यह नौका करीबा शहर से ग्रामीण इलाकों और मछुआरा समुदायों की बस्तियों की ओर जा रही थी, जहाँ सड़कें क्षतिग्रस्त हैं और सार्वजनिक परिवहन के साधन बहुत कम हैं। अनुमान है कि नौका में 153 यात्री सवार थे, जबकि प्राधिकारियों के अनुसार इसकी क्षमता केवल 90 यात्रियों की थी। जिम्बाब्वे की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि 77 लोगों को बचाया गया है। हालांकि, प्राधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि नौका में कुल कितने लोग सवार थे या कितने लोग लापता हैं। मृतकों में शामिल बच्चों में 16 की उम्र 10 वर्ष या उससे कम थी, और सबसे छोटा बच्चा मात्र एक वर्ष का था।

## दक्षिणी लेबनान पर इजराइल ने किए हवाई हमले, 7 लोगों की मौत

बैरूत (एजेंसी)। दक्षिणी लेबनान पर शनिवार तड़के हुए इजराइल के हवाई हमले में सात आम लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हुए हैं। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने जानकारी देते हुए बताया कि बचावकर्मी और चिकित्सक अब भी मलबे में फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह हवाई हमला 26 जून को लेबनान और इजराइल के बीच घोषित ''फ्रेमवर्क समझौते'' के बाद से सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है। इस समझौते के तहत दक्षिणी लेबनान से इजराइली सेना की वापसी के बदले ईरान समर्थित हिज्बुल्ला संगठन को निरस्त्र करने की योजना तय की गई थी।

## पहले 900 लोगों को नौकरी से निकाला, अब खुद तलाश रहे जॉब


वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका की ऑनलाइन मॉर्गेज कंपनी बेटर डॉट कॉम के संस्थापक और पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल गर्ग एक बार फिर दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गए हैं। करीब पांच साल पहले उन्होंने एक वीडियो मीटिंग के जरिए एक झटके में करीब नौ सौ कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया था, जिसके बाद उनके कामकाज के तरीके और फैसले की वैश्विक स्तर पर भारी आलोचना हुई थी। अब समय का पहिया ऐसा घूमा है कि हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। जिस कंपनी की कमान कभी पूरी तरह विशाल गर्ग के हाथों में थी, उसी कंपनी के निदेशक मंडल ने उन्हें मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद से हटा दिया है। दिलचस्प बात यह है कि अब विशाल गर्ग अपनी वही पुरानी कुर्सी वापस पाने के लिए वकीलों के माध्यम से कड़ा संघर्ष कर रहे हैं। इसी बीच खुद के लिए जॉब की तलाश भी करने में जुटे है।

## एशिया-प्रशांत क्षेत्र से अमेरिका ने हटाया अंतिम विमानवाहक पोत , अब चीन ने उड़ाया मजाक

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी प्रशासन ने ईरान के साथ जारी संघर्ष और मध्य पूर्व में चल रहे सैन्य अभियानों को प्राथमिकता देते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र से अपने अंतिम विमानवाहक युद्धपोत को भी वापस बुला लिया है। इस सामरिक बदलाव पर चीन ने खुली प्रतिक्रिया देते हुए क्षेत्र के कई एशियाई सहयोगी देशों का मजाक उड़ाया है और कटाक्ष किया है कि अमेरिका ने उन्हें धोखा दे दिया है। जानकारी के अनुसार, यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन नामक इस युद्धपोत को अब मध्य पूर्व में तैनात यूएसएस अब्राहम लिंकन के स्थान पर भेजा गया है। इस महत्वपूर्ण फैसले के बाद पश्चिमी प्रशांत महासागर में अमेरिका का एक भी विमानवाहक पोत मौजूद नहीं है, जिससे ताइवान, जापान और फिलीपींस जैसे एशियाई सहयोगी देशों की सुरक्षा चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। मध्य पूर्व में लंबे समय से जारी व्यापक सैन्य अभियानों और तनाव के कारण अमेरिकी नौसेना के जहाजों और सैनिकों पर अत्यधिक दबाव बन गया है। निरंतर समुद्री तैनाती के चलते सैनिकों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका का यह कदम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के उसके दावों के बिल्कुल विपरीत है, जिसका सीधा फायदा उठाते हुए चीन क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

# यूक्रेन का रुस पर बड़ा हमला, रोसकॉसमॉस से जुड़ा समारा सेंटर क्षतिग्रस्त

**-राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- रूस में शांति की जरूरत महसूस होनी चाहिए**



रुस-यूक्रेन युद्ध पांचवें साला में प्रवेश कर चुका है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस में शांति की जरूरत महसूस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी बलों ने समारा स्थित प्रोग्रेस सेंटर पर हमला किया। यह रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोसकॉसमॉस के तहत काम करता है और रॉकेट प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण में शामिल है।

**मास्को (एजेंसी)।** रूस के दक्षिण-पश्चिमी समारा क्षेत्र में शनिवार को यूक्रेन ने बड़ा हमला किया, जिसमें औद्योगिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। रूस के एक अधिकारी ने बताया कि वायु रक्षा बलों ने ÷बड़े पैमाने पर÷ मिसाइल हमले को विफल कर दिया, हालांकि शहर के औद्योगिक प्रतिष्ठानों को ÷स्थानीय स्तर पर नुकसान÷ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हमले में घायल लोगों को चिकित्सा सहायता दी, लेकिन इसके बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने रूसी सैन्य उद्योगों और ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर लंबी दूरी के हवाई हमले तेज कर दिए हैं। उसका मकसद युद्ध के लिए मॉस्को के राजस्व में कटौती करना और रूस के लोगों को हमले के परिणामों का एहसास कराना है।

रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की ने कहा कि इस प्रतिष्ठान को निशाना बनाने के लिए यूक्रेन में निर्मित फ्लेमिंगो मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। यह स्थान यूक्रेन की सीमा से करीब 900 किलोमीटर दूर है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अग्रिम मोर्चे से करीब 700 किलोमीटर दूर स्थित रूस के सावास्लेइका हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया गया है। जेलेंस्की ने लिखा- शांति की जरूरत है और यह रूस में साफ तौर पर दिखाई देना चाहिए। विशिष्ट प्रतिष्ठानों को ठोस नुकसान के जरिए। यूक्रेन के अधिकांश हमलों की मारक क्षमता 200 किलोमीटर से कम है, लेकिन इस साल उसके लंबी दूरी के हमलों में काफी वृद्धि हुई है।

स्वतंत्र संघर्ष निगरानी संस्था एसीएलईडी के आंकड़ों के मुताबिक यूक्रेन ने जुलाई में इस तरह के हमले जनवरी की तुलना में तीन गुना ज्यादा कर दिए हैं। रूस के अंदर दूर तक बार-बार किए जा रहे हमलों के कारण रूसी सेना को बड़े क्षेत्र में अपनी वायु रक्षा व्यवस्था तैनात करनी पड़ी है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने रूस के 19 क्षेत्रों के अलावा काला सागर, आजोव सागर और रूस द्वारा कब्जे में लिए गए यूक्रेनी क्षेत्र क्रीमिया के ऊपर यूक्रेन के 598 ड्रोन मार गिराए। स्थानीय अधिकारी आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि वहीं, मॉस्को क्षेत्र के शातुरा शहर में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक निजी मकान को निशाना बनाए जाने से दो लोग घायल हुए। उन्होंने बताया कि घायलों में नौ साल का एक बच्चा भी शामिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दूसरी ओर, दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में शनिवार को एक अपार्टमेंट पर रूस के हमले में तीन महीने के एक बच्चे की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। द्निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने कहा कि मारहानत्स शहर में इमारत को ड्रोन से निशाना बनाया गया। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने शनिवार को देश पर 152 ड्रोन दागे, जिनमें से 124 को नष्ट कर दिया गया।

## बेल्जियम में खुदाई में मिला 900 करोड़ का सोना, मजदूरों की आंखें खुली रह गई



बेल्जियम। बेल्जियम में सीवर लाइन की खुदाई कर रहे एक 18 वर्षीय मजदूर सहित उसके साथियों को जमीन के नीचे छिपा करीब 9 मिलियन यूरो भारतीय मुद्रा में (लगभग 900 करोड़ रुपये) का सोना मिला है। यह घटना ब्रसेल्स से करीब 30 किलोमीटर दूर सिंट-गिलिस-डेंडरमोंडे में एक पुरानी शराब बनाने की फैक्ट्री के परिसर में हुई। मजदूरों को शुरुआत में कुछ सिक्के दिखाई दिए. जिन्हें उन्होंने सामान्य एक यूरो के सिक्के समझा। आगे खुदाई करने पर सोने की ईंटें और सिक्के मिलने लगे। जांच में पता चला कि सोना एक पुराने भवन की तहखाने की दीवार में ईंटों के पीछे छिपाकर रखा गया था। खजाने में सोने के सिक्कों के अलावा नंबर वाले गोल्ड बार भी शामिल हैं। मजदूरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पूरा खजाना सुरक्षित सरकारी भंडार में भेज दिया गया है। अधिकारियों ने सोने के असली मालिक और उसके स्रोत की जांच शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं सोना चोरी या किसी आपराधिक गतिविधि से जुड़ा तो नहीं है। बेल्जियम कानून के तहत संभावित दावेदारों को अपना अधिकार जताने के लिए पांच वर्ष का समय मिलता है। अभी कोई दावेदार सामने नहीं आया है।

## ह्यूस्टन में गूंजा जय हिंद: भारतीय समुदाय ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** अमेरिका में भारतीय समुदाय ने पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। भारतीय महावाणिज्य दूतावास परिसर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भीषण गर्मी के बावजूद सुबह-सुबह पहुंचे लोगों के लिए परिसर को गेंदों की मालाओं और ध्वज के तीन रंगों की झालरों से खूबसूरती से सजाया गया था।

कार्यक्रम का आरंभ उपस्थित लोगों द्वारा एक स्वर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से हुआ। इसके बाद फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा के बीच ध्वजारोहण हुआ और सभी ने मिलकर राष्ट्रगान जन गण मन गाया। महावाणिज्य दूत डी. सी.मंजूनाथ ने ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्र के नाम दिए संबोधन को पढ़ा। उन्होंने समुदाय को भारत के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया और विकसित भारत की यात्रा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

समारोह में देशभक्ति गीतों का गायन हुआ, विकसित भारत विषय पर विशेष रूप से तैयार चित्रों की प्रदर्शनी लगी और भारत को जानिए प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ह्यूस्टन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति रेणु खटोर, फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश डेनियल वोंग, हैरिस काउंटी की आयुक्त लेस्ली ब्रियोनेस सहित कई निर्वाचित अधिकारियों और नगर निकाय संगठनों के प्रमुखों ने भी भाग लिया। महावाणिज्य दूतावास में कार्यक्रम के बाद, मंजूनाथ ने इंडिया हाउस ह्यूस्टन स्थित ओ. पी. जिंदल सेंटर में आयोजित अन्य समारोह में भी भारतीय समुदाय के नेताओं और सदस्यों के साथ भाग लिया।

# इंडोनेशिया में फिर आया 6.5 तीव्रता का भूकंप, कई इमारतें गिरीं; अब तक 47 मौतें

**-समुद्र का पानी पीछे हटा तो भागने लगे लोग, सुरक्षित जगह पर रहने की अपील**

**जकार्ता, (एजेंसी)।** इंडोनेशिया में शनिवार सुबह 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था। इसके करीब 17 घंटे बाद रात को 6.0 तीव्रता का फिर झटका लगा। इससे पहले शाम को 6.5 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया था। भूकंप के तेज झटकों से कई इलाकों में अफरा-तफरी मच गई और कई इमारतें जमींदोज हो गईं। अब तक 47 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप के बाद नागेकेओ इलाके में समुद्र का पानी अचानक पीछे हट गया। इसे सुनामी का संकेत मानकर लोग घबराकर ऊंची जगहों पर भागने लगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिकि शुरुआत में कई तटीय इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी जिसे कुछ घंटे बाद हटा लिया गया। फिलहाल लोगों से सुरक्षित जगह पर रहने को कहा गया है। पहले भूकंप के बाद इलाके में कई आफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए। अधिकारियों ने लोगों से कहा कि वे फिलहाल क्षतिग्रस्त इमारतों में वापस न जाएं, क्योंकि तेज भूकंप के झटके आ सकते हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कुछ इमारतें गिरती और क्षतिग्रस्त होती दिखाई दे रही हैं। कई लोग भूकंप के बाद घरों और इमारतों से बाहर निकलते नजर आए। हालांकि, इन वीडियो की पुष्टि नहीं हो सकी है।

रिपोर्ट के मुताबिक सिक्का के सेंट पीटर मेजर सेमिनरी में सुबह की प्रार्थना चल रही थी, तभी सभा भवन की छत का एक हिस्सा गिर गया। छात्र और नन घबराकर बाहर भागे। उन्होंने बताया कि जान बचाने की कोशिश में एक पादरी दूसरी मंजिल से कूद गए, जिससे उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर कई अस्पतालों से मरीजों को बाहर निकालना पड़ा। टीवी चैनलों की तस्वीरों में डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी मरीजों को स्ट्रेचर पर बाहर ले जाते दिखे। अस्पतालों के बाहर बिस्तर, आईवी स्टैंड और ऑक्सीजन सिलेंडर लगाए गए। कई जगह खुले में ही अस्थायी इलाज शुरू किया गया।



बता दें इंडोनेशिया करीब 17,500 द्वीपों का देश है। ये द्वीप प्रशांत महासागर के उस इलाके में हैं, जिसे रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। यहां धरती के नीचे कई बड़ी भूगर्भीय प्लेटें मिलती हैं। ये प्लेटें लगातार खिसकती रहती हैं। जब दो प्लेटें आपस में टकराती हैं या एक प्लेट दूसरी के नीचे चली जाती है, तो धरती के अंदर जमा दबाव अचानक बाहर निकलता है। इससे भूकंप आता है।

इंडोनेशिया के आसपास समुद्र के नीचे भी ऐसी हलचल अक्सर होती रहती है। अगर समुद्र के नीचे तेज भूकंप आए और उससे समुद्र का पानी अचानक ऊपर-नीचे हो जाए, तो सुनामी आ सकती है।

इसी वजह से इंडोनेशिया में भूकंप, सुनामी और ज्वालामुखी विस्फोट का खतरा दुनिया के कई दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा रहता है।

# तालिबान की पाबंदी: 22 लाख लड़कियों का भविष्य और दुनिया की चुप्पी

**काबुल (एजेंसी)।** अगस्त 2021 में सत्ता में लौटने के बाद से तालिबान ने अफगानिस्तान में लड़कियों को कक्षा छह से आगे की शिक्षा से वंचित किया है। यह प्रतिबंध अब तक नहीं हटा है, इससे अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश बन गया है जहाँ लड़कियों और महिलाओं को माध्यमिक और उच्च शिक्षा से रोका गया है। करीब 22 लाख किशोरियाँ 1,800 दिनों से माध्यमिक शिक्षा से वंचित हैं।



इस पाबंदी के गंभीर परिणाम सामने आए हैं। यूनिसेफ के अनुसार, इन प्रतिबंधों से 2030 तक अफगानिस्तान में 20,000 महिला शिक्षकों और 5,400 स्वास्थ्यकर्मियों की कमी है। आर्थिक मोर्चे पर देश को हर साल अनुमानित 8.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है। सितंबर 2025 से तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र के कार्यालयों में भी अफगान महिलाओं के प्रवेश पर रोक लगा दी, और जनवरी 2026 में महिला सरकारी कर्मचारियों का कम किया गया वेतन भी बंद कर दिया गया।

इन पाबंदियों के बावजूद, अफगान महिलाएँ लगातार 'रोटी, काम, आज़ादी' के नारों के साथ विरोध प्रदर्शन करती रही हैं, हालाँकि उन्हें गिरफ्तारियों और यातनाओं का सामना करना पड़ा है। जहाँ खुले विरोध खतरनाक हो गए हैं, वहाँ महिलाओं ने घरों में भूमिगत स्कूलों का अनौपचारिक नेटवर्क बनाकर लड़कियों को शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा उठाया है। मुझे सबसे ज्यादा परेशान यह बात करती है कि 1996 में भी ऐसी ही पाबंदी देखी गई थी, लेकिन इस बार दुनिया की विफलता जागरूकता की कमी के कारण नहीं है। हर कोई जानता है कि क्या हो रहा है, फिर भी तालिबान को इसकी कोई वास्तविक कीमत नहीं चुकानी पड़ी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में दोहा प्रक्रिया तालिबान से वार्ता कर रही है, जिसका उद्देश्य अफगानिस्तान को अंतरराष्ट्रीय समुदाय में पुनः शामिल करना है। हालांकि, तालिबान के आग्रह पर महिलाओं और अफगान नागरिक समाज के समूहों को इन मुख्य वार्ताओं से बाहर रखा गया है। मेरी पीढ़ी के लिए स्थितियाँ बदल गई थीं, लेकिन इस पीढ़ी के लिए भी ऐसा होगा, इसकी गारंटी नहीं। अफगान महिलाएँ पिछले पाँच साल से लगातार संघर्ष करके यह दिखा रही हैं कि वे इस प्रतिबंध को कभी स्वीकार नहीं करेंगी।

# ईरान ने कहा- होर्मुज छोड़िए खुद की सुरक्षा करे अमेरिका

**-अमेरिका ने कहा था होर्मुज की करेंगे सुरक्षा**

**तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अमेरिकी नियंत्रण स्थापित करने से जुड़े दावे के बाद ईरान और अमेरिका के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। ट्रंप ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान बयान दिया था कि ईरान को पूरी तरह परास्त करने के बाद अमेरिका इस रणनीतिक समुद्री मार्ग को अपने क्षेत्र के रूप में घोषित करने की योजना रखता है। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अमेरिकी नेतृत्व को इस महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य पर बेबुनियाद दावे करने के बजाय अपनी खुद की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए, ताकि भविष्य में फिर से किसी कैटरिंग ट्रक में छिपने जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

ईरान की ओर से यह तीखा ताना पिछले दिनों तुर्की दौरे से जुड़ी एक चर्चित मीडिया रिपोर्ट के संदर्भ में मारा गया है। दरअसल, कुछ समय पहले नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान अंकारा से रवाना होते समय ट्रंप को लेकर सुरक्षा कारणों से रणनीति बदली गई थी। रिपोर्टों के अनुसार, उस वक्त एक बड़े विमान का उपयोग लोगों और मीडिया का ध्यान भटकाने के लिए किया गया था, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति को एक कैटरिंग यानी खाने वाले ट्रक के जरिए गुप्त रूप से दूसरे सैन्य विमान तक पहुंचाया गया था। इस वाकये की याद दिलाते हुए ईरानी नेताओं ने अमेरिकी प्रशासन पर निशाना साधा है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नियंत्रण के दावे को ईरान के उप विदेश मंत्री काजिम गरीबाबादी ने भी पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते पर किसी भी सोशल मीडिया पोस्ट, युद्धपोत की तैनाती या चुनावी भाषण के बल पर कब्जा नहीं किया जा सकता। उन्होंने दो टूक कहा कि ईरान किसी भी प्रकार की विदेशी धमकी या शक्ति प्रदर्शन से डरने वाला नहीं है। वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिहाज से यह समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे अहम रास्तों में गिना जाता है, यही वजह है कि यहां जरा सा तनाव भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में खलबली मचा देता है। मामले के तूल पकड़ने के बाद व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का वह बयान केवल एक मजाक के रूप में दिया गया था। इसके बावजूद, ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज के सामरिक महत्व को लेकर चल रही इस तनातनी ने मध्य पूर्व में कूटनीतिक हलचल को काफी बढ़ा दिया है। दोनों पक्षों की ओर से आ रहे इन तीखे बयानों को भविष्य के रणनीतिक संघर्षों और क्षेत्रीय तनाव के रूप में देखा जा रहा है।

# साल 2028 में पृथ्वी पर आएंगे एलियंस, टाइम ट्रेवलर का दावा

**लंदन (एजेंसी)।** हाल ही में डैरिल डीन नाम के एक शख्स ने खुद को साल 2033 से आया टाइम ट्रेवलर बताते हुए सनसनीखेज भविष्यवाणियां की हैं। डैरिल डीन का दावा है कि उसके पास भविष्य में होने वाली घटनाओं की एक पूरी टाइमलाइन मौजूद है और उसकी भविष्यवाणियां आने वाले समय में हर हाल में सच होकर रहेंगी। उसने पैरानॉर्मल रिसर्च से जुड़े लोकप्रिय एक टीवी चैनल पर बात करते हुए अपने दावों को सही ठहराने के लिए कई भविष्यवाणियों के बारे में बताया है।

डैरिल डीन का कहना है कि वह मूल रूप से साल 2033 का रहने वाला है और थोड़े समय के लिए ही वर्तमान समय में आया था। उसने कहा कि वह दुनिया के हर इंसान को यह समझाने नहीं आया है कि वह सच बोल रहा है, बल्कि वह सिर्फ उन लोगों से बात करना चाहता है जो उसकी बात को गंभीरता से सुनने के लिए तैयार हैं। कथित टाइम ट्रेवलर के अनुसार, भविष्य में कोई भी बड़ा या विनाशकारी युद्ध नहीं होगा। उसने दावा किया कि साल 2028 में एलियंस पृथ्वी पर आएंगे और वे अपने साथ शांति और समृद्धि का एक नया दौर लेकर आएंगे। एलियंस के आने के बाद इंसानों को यह अहसास होगा कि वे आपस में एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, जिससे पूरा विश्व एकजुट हो जाएगा और सभी मतभेद समाप्त हो जाएंगे। इसके अलावा डीन ने यह भी कहा कि 2033 तक दुनिया के सभी मौजूदा धर्म खत्म हो जाएंगे और पूरी मानव जाति सिर्फ एक धर्म को मानेगी।

हालांकि, इस शख्स ने नए धर्म के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया कि वह कैसा होगा या उसके सिद्धांत क्या होंगे। टाइम ट्रैवल की तकनीक को लेकर भी डैरिल डीन ने एक खुलासा किया है। उसका कहना है कि साल 2028 में इंसानों के सामने टाइम ट्रेवल तकनीक के राज से परदा उठा दिया जाएगा और इसी साल दूसरे ग्रहों के जीवों यानी एलियंस की सच्चाई भी दुनिया के सामने आ जाएगी। यह दावा भविष्य में मानवता के लिए एक नई दिशा का संकेत देता है। डीन ने तकनीक का जिक्र करते हुए कहा कि 2019 के अंत में 5जी वायरलेस नेटवर्क शुरू हुआ था, जिसने इंटरनेट स्पीड को तीन गुना बढ़ा दिया था। वहीं, उसने दावा किया कि आने वाले सालों में 6जी इंटरनेट की तकनीक को पूरी दुनिया के लिए पूरी तरह से मुफ्त कर दिया जाएगा। इसका मतलब यह होगा कि दुनिया के हर देश और दूरदराज के इलाकों में लोगों को मुफ्त वाई-फाई की सुविधा मिलने लगेगी, जिससे सूचना और संचार का एक नया युग शुरू होगा।

हालांकि, इस यूट्यूब वीडियो को देखने वाले ज्यादातर यूजर्स कथित टाइम ट्रेवलर के इन दावों से बिल्कुल भी सहमत नजर नहीं आ रहे हैं। कई लोगों ने वीडियो पर कमेंट करते हुए इसे पूरी तरह से फर्जी और कल्पना बताया है। वहीं, अन्य लोगों ने इसकी तुलना पुराने कथित टाइम ट्रेवलर नोआ से करते हुए कहा कि उसकी भविष्यवाणियां गलत साबित होने के बाद वह गायब हो गया था, और यह शख्स भी उसी की तरह झूठ बोल रहा है। मालूम हो कि भविष्य की दुनिया कैसी होगी और आने वाले सालों में इंसानी सभ्यता में क्या बड़े बदलाव होंगे, इसे लेकर अक्सर नई-नई थ्योरीज और दावे सामने आते रहते हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com